Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-247
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु ऑनर किलिंग मामले में 'दोषियों' को ठहराया 'दोषी'



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के कुख्यात 'कन्नगी-मुरुगेसन' ऑनर किलिंग मामले में 'दोषियों' को 'दोषी' ठहराया और मद्रास उच्च न्यायालय के 2022 के फैसले को चुनौती देने वाले नौ दोषियों और दो पुलिसकर्मियों की अपील को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने कन्नगी के पिता और भाई सहित दोषियों को दी गई आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि की और जांच के दौरान सबूत गढ़ने के लिए 'दोषी' ठहराए गए दो पुलिस अधिकारियों की अपील को खारिज कर दिया। यह मामला अंतरजातीय जोड़े एस. मुरुगेसन और डी. कन्नगी की नृशंस हत्या से जुड़ा था।

### सड़क हादसे में तीन बाइक सवार लोगों की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में एक तेज रफ़्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना पेंडारी गांव में तब हुआ जब बाइक पर सवार तीन लोग आर्केस्ट्रा प्रोग्राम से लौट रहे थे और बाइक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बाइक पेड़ से जा टकराई और तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा और निराधार

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान को गिराये जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनावपूर्ण माहौल में पाकिस्तान और उसके समर्थित सोशल मीडिया खातों पर लोगों को गुमराह करने के लिए हर रोज इस तरह के झूठे दावे किये जा रहे हैं। भारत ने इस तरह के दुष्प्रचार में लगे पाकिस्तान के 16 यू ट्यूब चैनलों पर सोमवार को प्रतिबंध भी लगाया था।

### पीएम मोदी ने राजनाथ और सेना प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की



पहलगाम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों और हमले की साजिश रचने वालों के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए सरकार में उच्च स्तर पर बैठकों का दौर निरंतर जारी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में गहन चर्चा की। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री निवास पर शाम को हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने हिस्सा लिया। यह प्रधानमंत्री की रक्षा मंत्री के साथ तीसरी बैठक है। बैठक में प्रधानमंत्री को मौजूदा सुरक्षा स्थिति और सेनाओं की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बुधवार को होने वाली केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की बैठक से पहले हो रही इस उच्च स्तरीय बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा केन्द्रीय गृह सचिव ने भी सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा एजेन्सियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में स्थिति पर चर्चा की।

### कांग्रेस ने विशेष सत्र बुलाने के लिए पीएम मोदी को लिखा पत्र



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मीडिया के लिए जारी किए हैं। खरगे कहा 'इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में रच रहा नए प्रतिमान : सीएम विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सेवा भावना का परिणाम है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले शासकीय अस्पतालों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 427 से अधिक शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन हासिल किया है, जो पूर्व वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। यह प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली में आए अभूतपूर्व सुधार और सेवा के अंतिम छोर तक पहुँच सुनिश्चित करने का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को उनकी समर्पित कार्यशैली और दूरदर्शी प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से सुदूर अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र 'चिंतागुफा' प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि जो क्षेत्र कभी चुनौतियों का प्रतीक रहा, वहाँ का स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवा गुणवत्ता के लिए सम्मानित हुआ है। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को 28 नवंबर 2024 को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 436 शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को गुणवत्ता प्रमाणन मिल चुका है, वहीं 644 अन्य संस्थानों का मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुसंगत, भरोसेमंद और उत्कृष्ट बनाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

### महिलाओं को 2500 रुपए महीना वाली गारंटी भी जुमला : आप

**नयी दिल्ली।** आप ने कहा कि महिलाओं को 2500 रुपए प्रति महीना देने के भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर किया गया वादा भी जुमला निकला। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से पहले चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के पश्चात हर महिला को 2500 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में दिया जाएगा। भाजपा की ओर से यह कहा गया था कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पास किया जाएगा और 08 मार्च से सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब जो खबरें मिल रही है उससे यह पता चलता है कि प्रधानमंत्री की यह गारंटी भी एक झूठ का पुलिंदा निकला।

## सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लेकर दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रल्हाद वेंकटेश जोशी के साथ क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी एवं सीईओ राजेश सिंह राणा ने छत्तीसगढ़ के क्रेडा संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सार्थक बैठक हुई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कंपोनेंट बी अंतर्गत किसानों के लिए 20,000 सोलर पंप स्वीकृत करने तथा कंपोनेंट ए एवं सी के संबंध में आग्रह पत्र भी केन्द्रीय मंत्री को सौंपा। साथ ही अन्य योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत 1578 घरों के सौर विद्युतीकरण हेतु राशि की स्वीकृति, जियोथर्मल पावर प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्राम तातापानी, जिला बलरामपुर में परियोजना के क्रियान्वयन, छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्टेडियम में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत घरों के सौर विद्युतीकरण तथा अन्य विषयों में विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने सहजता पूर्वक सारे विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निर्णय करने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर एमएनआरई के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में हुआ उल्लेखनीय कार्य : खट्टर

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और ऊर्जा के क्षेत्र में खासतौर से अक्षय ऊर्जा में राज्य में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। खट्टर ने मुख्यमंत्री आवास पर शर्मा के साथ ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम कुसुम योजना तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम द्वारा दिसम्बर तक 355 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीक ऑवर्स में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य में पंप स्टोरेज एवं बैटरी स्टोरेज की क्षमता को तेजी से विकसित किया जाए। खट्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में बताते हुए कहा कि इस योजना से प्रदूषण मुक्त एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य बजट 2025-26 में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ते हुए 150 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत कार्यों में गति लाते हुए अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी विभागों सहित उपभोक्ताओं के आवास पर स्मार्ट प्री-पेड मीटर्स लगाने को प्राथमिकता दी जाए। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा अंशदान भी दिया जाएगा। नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान खट्टर ने कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में सीवरेज अनिवार्य रूप से हो तथा आवश्यकतानुसार पुराने और जर्जर सीवरेज को बदलने तथा एलाइनमेंट ठीक करने के कार्य भी किए जाए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद तथा अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग के लिए शुरू किये गए मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र को अच्छी पहल बताते हुए इसकी सराहना की। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, जयपुर मेट्रो रेल, अमृत मिशन 2.0 जैसे केन्द्र द्वारा वित्तपोषित राजस्थान के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के विकास, विस्तार और वित्तीय मॉडल की समीक्षा की गई।

# पहलगाम पीड़ित महाराष्ट्र के लोगों को आर्थिक सहायता देंगे : फडनवीस

एजेंसी ➤ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले प्रदेश के सभी पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। फडनवीस की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इन परिवारों की शिक्षा और रोजगार संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखेगी। बैठक में मृतक संतोष जगदाले की बेटी को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया गया। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए छह पर्यटक महाराष्ट्र के थे। फ्डनवीस ने हाल ही में सभी मृतकों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सहायता प्रदान की। महाराष्ट्र के छह मृत पर्यटकों में हेमंत सतीश जोशी, ठाणे, अतुल श्रीकांत मोने-मुंबई, संजय लक्ष्मण लेले-ठाणे, दिलीप देसले, पनवेल, संतोष जगदाले और कौस्तुभ गनबोटे पुणे से है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक मारे गये थे जो विभिन्न राज्यों के निवासी थे।

# राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है शिक्षा : दिया कुमारी

एजेंसी ➤ झुंझुनू
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि शिक्षा मात्र एक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। राजस्थान में झुंझुनू के सैनिक स्कूल में मंगलवार को कैडेट को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने सैनिक स्कूल झुंझुनू के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों को एक समावेशी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत गर्व होता है कि हमारे युवा कैडेट अभी से सेवा भावना, नैतिकता और देशभक्ति जैसे मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं। यह आने वाले समय में एक सशक्त भारत का आधार बनेगा। इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य कर्नल अनुराग महाजन, स्टाफ और कैडेट ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। 80-बेड वाले इस छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है जो बालिकाओं की शिक्षा एवं विकास को सशक्त आधार प्रदान करेगा। उद्घाटन के पश्चात दिया कुमारी ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने इसे केवल एक भवन न मानते हुए बेटियों के समान अवसरों की दिशा में राज्य सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाएगा। दिया कुमारी ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में सैनिक स्कूल झुंझुनू के विजेता बनने पर कैडेट से संवाद करके उन्हें बधाई दी। उन्होंने शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की और प्राचार्य सहित पूरे प्रशासनिक तंत्र को बधाई दी। कार्यक्रम में 61 सब एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर संदीप कुमार, सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्राचार्य कर्नल अनुराग महाजन, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ सहित स्कूल स्टाफएवं कैडेट मौजूद रहे।

# दिल्ली सरकार ने फीस बढोत्तरी रोकने के लिए कानून बनाने का किया फैसला

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली सरकार ने स्कूलों की फीस बढोत्तरी को रोकने के लिए एक नया कानून बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित 'दिल्ली विद्यालय शुल्क निर्धारण (पारदर्शी एवं नियमन) विधेयक 2025' को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय है। पहली बार बच्चों के भविष्य और अभिभावकों की सुविधा हेतु यह निर्णय किया गया है। अब कोई भी स्कूल अपनी मनमानी नहीं कर पाएगा। दिल्ली में अभी तक निजी स्कूलों की फीस निर्धारण और वृद्धि पर अंकुश को लेकर ऐसा कोई अधिनियम नहीं था। सूद ने कहा कि 1973 के एक्ट में फ ीस बढोत्तरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था। पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भारतीय जनता पार्टी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया को पचास हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुर्माना देना होगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने विधेयक को मंजूर किया है जिसे जल्द ही विधानसभा से पारित किया जाएगा। गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासक और साहसिक फैसला किया है जिसमें दिल्ली के सभी 1677 प्राइवेट स्कलों को फीस को लेकर गाइडलाइन तय किया जाएगा। इस विधेयक में शिक्षा निदेशायल के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के साथ साथ अभिभावकों की भी भूमिका होगी। इससे पहले की सरकार फीस बढत्तरी न हो उसको लेकर कोई काम नहीं किया था।

# पंजाब सरकार द्वारा नशा मुक्ति यात्रा शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब में नशीले पदार्थ के खतरे पर अंतिम और निर्णायक हमले की तैयारी करते हुए, राज्य सरकार ने नशा विरोधी जागरूकता और कार्रवाई अभियान के तहत 'नशा मुक्ति यात्रा' शुरू करने का फैसला किया है, जो मई और जून 2025 के महीनों में राज्य के हर गांव और वार्ड को छुएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि यह अभियान दो से चार मई तक राज्य भर में जिला स्तरीय बैठकें आयोजित करने के लिए ग्राम सुरक्षा कमेटियों को शामिल करके चलाया जाएगा। ये बैठकें 'नशा मुक्ति यात्रा' अभियान के लिए आधिकारिक लॉन्च प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेंगी। ग्राम सुरक्षा कमेटियों के सभी सदस्यों के अलावा, इस बैठक में गांवों के सरपंच, नागरिक और पुलिस प्रशासन के साथ-साथ अन्य संबंधित भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने ज़िला उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को उन गांवों में ग्राम सुरक्षा कमेटिया बनाने के लिए कहा है, जहां ये समितियां मौजूद नहीं हैं और उन्हें इन बैठकों के लिए आमंत्रित करने के लिए कहा है। इसी तरह, नगर निगम क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में वार्ड सुरक्षा समितियां भी बनाई जाएंगी और उन्हें इन बैठकों के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# अनाज मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग करवाए केंद्र सरकार : बरसट

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि राज्य की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य तेजी से चल रहा है और किसानों को भुगतान भी समय पर किया जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं और लिफ्टिंग के कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। बरसट ने कहा कि मंडियों से खरीदी गई फसल की लिफ्टिंग की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, लेकिन हर बार केंद्र सरकार इस कार्य में लापरवाही करती है, जिसका नुकसान पंजाब और पंजाब के किसानों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौसम ठीक है, लेकिन अगर मौसम खराब हो गया और गेहूं भीग गया, तो उसकी जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार की ही होगी। उन्होंने कहा कि लोगों तक सही किस्म का अनाज पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और एफसीआई को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड द्वारा गेहूं की खरीद के लिए कुल 1865 पक्की मंडियों की घोषणा की गई है, जिनमें 152 मुख्य यार्ड, 285 सब-यार्ड और 1428 खरीद केंद्र शामिल हैं। इसके साथ ही गेहूं की फसल की आमद को ध्यान में रखते हुए 1028 अस्थायी मंडियों की भी घोषणा की गई है, जिनमें गेहूं की खरीद जारी है।

# साढ़े चार लाख रुपये लेकर लौट रहे युवक की हत्या

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र में भूखंड बेचकर साढ़े चार लाख रुपये लेकर घर आ रहे युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोटड़ी निवासी चुन्नीलाल ने पुलिस शिकायत की कि उसने अपने जंवाई रामजस तेली को भूखंड बेचा था। जिसकी रजिस्ट्री करवाने के बाद उसका पुत्र गणेश लाल साहू 28 अप्रैल को अपने बहनोई रामजस से साढ़े चार लाख रुपये लेकर घर आ रहा था। बाद में वह घर नहीं पहुंचा और रास्ते में ही लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि शव पन्नाजी महाराज की डोहरी, सुवाणा में सगस जी महाराज के स्थान पर फंदे से लटका मिला। उसके गले पर चोट के निशान और हाथ की नस कटी मिली। उसकी मोटरसाइकिल एवं बैग पास में पड़ा था जबकि रुपये गायब थे। चुन्नीलाल ने लूट के लिये हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



# राजस्थान के 1200 युवा सैन्य प्रशिक्षण के लिए सफल घोषित

**जयपुर।** राजस्थान में सेना मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, जयपुर में वर्ष 2024-25 के लिए भर्ती रैलियों के दूसरे चरण में राजस्थान से चयनित 1200 से अधिक उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है। राजस्थान में सेना के जन सम्पर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि चयनित इन उम्मीदवारों का प्रशिक्षण एक मई से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही भर्ती क्षेत्र, राजस्थान से भारतीय सेना के लिए चयनित उम्मीदवारों को रेजिमेंटल सेंटर में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। वर्ष 2024-25 में राजस्थान से 3100 से अधिक उम्मीदवारों का भारतीय सेना के लिए चयन किया गया है। कर्नल शर्मा ने बताया कि भारतीय सेना में सेवा के साथ आने वाली चुनौतियों और जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उम्मीदवारों को शारीरिक और मानसिक रूप से व्यापक प्रशिक्षण से गुजरना होगा। यह प्रशिक्षण अनुशासन, टीम वर्क और समर्पण के मूल्यों को स्थापित करेगा, जो भारतीय सशस्त्र बलों में एक सफल कैरियर के लिए आवश्यक हैं।

# राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक

**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षा विभाग की वेबसाइट को पाकिस्तानी हैकर्स के द्वारा हैक कर लेने का मामला सामने आया है। वेबसाइट के होम पेज पर 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा' लिखा है। यह मामला सामने आते ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग के आईटी विंग को एक्टिव किया और फिलहाल वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और तेजी से रिकवरी का काम किया जा रहा है। विभाग ने साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी इस घटना की सूचना दे दी है और जांच शुरू कर दी गई है कि इस साइबर हमले के पीछे कौन-सा ग्रुप सक्रिय है और किस तरह की जानकारी को नुकसान पहुंचाया गया है। दिलावर ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की साइट को पाकिस्तान के हैकर ने हैक किया हैं और उसमें लिखा है कि अगला युद्ध गोलियों से नहीं टेक्नोलोजी से होगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दे दिया है कि मालुम किया जाये कि इस दौरान कोई डाटा तो लीक नहीं हो गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को सूचित कर दिया गया हैं।

# सैनी ने नवीन श्योराण को किया नमन

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लेह-लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में मातृभूमि की सेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा (गाँव काकड़ोली हुक्मी, चरखी दादरी) के लाल भारतीय वायुसेना के जवान नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन किया। सैनी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सब उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, लेह-लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में मातृभूमि की सेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा (गाँव काकड़ोली हुक्मी, चरखी दादरी) के लाल नवीन श्योराण जी को अश्रुपूर्ण नमन। गहन संवेदना के साथ मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दुःख की इस घड़ी में हम सब उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि नवीन श्योराण (25) चार साल पहले भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती लेह-लद्दाख में थी।

# उदयपुर सिटी-फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा के चार फेरे बढ़े

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे ने यात्री की बढ़ती हुयी संख्या को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिये उदयपुर सिटी-फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में चार फेरों का विस्तार किया है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने मंगलवार को बताया कि गाड़ी संख्या 09623, उदयपुर सिटी-फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा छह मई से 27 मई तक उदयपुर सिटी से प्रत्येक मंगलवार को अपराह्न चार बजकर पांच मिनट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात 11 बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी जहां से वह 11 बजकर 20 मिनट पर प्रस्थान करके गुरूवार को सुबह साढ़े पांच बजे फारबिसगंज पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09624, फारबिसगंज- उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा आठ मई से 29 मई तक फारबिसगंज से प्रत्येक गुरुवार को सुबह नौ बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर अगले दिन दोपहर दो बजकर 55 मिनट पर पहुंचेगी। यहां 10 मिनट ठहराव के बाद तीन बजकर पांच मिनट पर प्रस्थान करके रात बारह बजकर 40 मिनट पर उदयपुर सिटी पहुँचेगी। उन्होंने बताया कि यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टुण्डला, इटावा, कानपुर सेट्रल, प्रयागराज, प. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, काचीगुड़ा, नवगछिया, कटिहार, पूर्णियाँ, अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में एक सेकेण्ड एसी, तीन थर्ड एसी, एक थर्ड एसी इकोनोमी, पांच द्वितीय शयनयान, चार साधारण श्रेणी, एक पॉवरकार और एक गार्ड डिब्बे सहित कुल 16 डिब्बे होंगे।

# आरिफ खान और नीतीश ने दानवीर भामाशाह को जयंती पर किया नमन

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें नमन किया। खान एवं कुमार ने आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्यमंत्री कुमार कार्यक्रम के बाद जनता दल यूनाइटेड (जदयू) पार्टी कार्यालय के कर्पूरी सभागार में शूरवीर दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

# द्रमुक की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 2026 में आएगा : स्टालिन

एजेंसी ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य विधानसभा को बताया कि द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 2026 में आएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि तमिलनाडु को न तो लूटा जा सकता है और न ही इसे गिरवी रखने और हड़पने की कोशिश करने वालों द्वारा लूटा जा सकता है। स्टालिन ने विधानसभा में पुलिस और अग्निशमन विभाग को अनुदान की मांग पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अब तक जो देखा गया है वह द्रविड़ मॉडल सरकार पहला संस्करण है। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा मेज थपथपाने के बीच घोषणा की कि ''दूसरा संस्करण 2026 में लोड हो रहा है जिसमें और अधिक रिकॉर्ड बनेंगे...तमिलनाडु इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री ने बहस का जवाब देते हुए अपने चार साल के द्रमुक शासन की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि यह अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा जो बस कुछ ही दिन दूर है। राज्य ने सभी विभागों में रिकॉर्ड बनाए हैं और नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा, इस विश्वास और लोगों के विश्वास के साथ मैं कह रहा हूं कि जो लोग तमिलनाडु को गिरवी रखने और छीनने की कोशिश कर रहे हैं वे तमिलनाडु को लूट नहीं सकते। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य ने बड़ी ऊंचाइयों को हासिल किया है और 2024-25 में तमिलनाडु 9.69 प्रतिशत की विकास दर के साथ प्रथम स्थान था। उन्होंने कहा कि ऐसी विकास दर अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। उन्होंने मिडिल स्कूलों में ''कोई ड्रॉपआउट नहीं'', गरीबी उन्मूलन के प्रयास और उच्च शिक्षा में प्रगति सहित उपलब्धियों को गिनाया। स्टालिन ने कहा कि कानून और व्यवस्था सुदृढ बनाए रखा जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के कारण तमिलनाडु के मतदाता द्रमुक को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि मई में वह मुख्यमंत्री के रूप में पांचवें वर्ष में प्रवेश करेंगे और उन्हें विश्वास है कि द्रमुक 2026 में सत्ता बरकरार रखते हुए फिर से सरकार बनाएगी। स्टालिन ने कहा कि यह यात्रा तमिलनाडु राज्य, तमिलनाडु के लोगों और तमिलनाडु के अधिकारों के लिए जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन गुरुवार से लोनावाला में

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय गुरुवार से महाराष्ट्र के लोनावाला में राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें देश विदेश के हजारों लोग भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण होगा और दो दिन तक चलेगा। सम्मेलन में आयुष विशेषज्ञ, नीति निर्माता, स्वास्थ्य पेशेवर, शोधकर्ता और नवप्रवर्तक भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करना है जिससे आम नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ, सस्ती हो सके। इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव करेंगे। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री और भारत के नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री भी सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। वर्ष 2014 में शुरू राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने तथा उन्हें मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एकीकृत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# राज्य में 27375 आशा कार्यकर्ताओं की शीघ्र होगी बहाली : मंगल

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य में 27 हजार 375 आशा कार्यकर्ताओं की बहाली शीघ्र होगी। पांडेय ने राज्य स्वास्थ्य समिति में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद कहा कि अगले तीन महीने के भीतर राज्य में 27,375 आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। जिसके कार्यान्वयन का जिम्मा स्थानीय मुखिया को दी जाएगी। वहीं शहरी क्षेत्रों में होने वाले चयन में स्थानीय वार्ड पार्षदों की अहम भूमिका होगी। पांडेय ने बताया कि आगामी तीन महीने के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में 21 हजार नौ आशा एवं शहरी क्षेत्रों के लिए पांच हजार 316 आशा चयनित होंगी। साथ ही एक हजार 50 आशा फैसिलिटेटर का भी चयन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूर्ण कर ली जाएगी। आशा कार्यकर्ता सामुदायिक स्तर पर प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं के रुप में कार्य करती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चयन की पूरी प्रक्रिया में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार विभागीय बहालियों की प्रक्रिया जारी है। अब तक विभिन्न पदों के लिए 35 हजार 383 पदों के लिए विज्ञापन भी प्रकाषित किए जा चुके हैं। कई अन्य रिक्तियों पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सकों, मेडिकल ऑफिसर एवं आयुष चिकित्सकों सहित अन्य बहालियों की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा उप-जेल नारायणपुर का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के द्वारा उप जेल नारायणपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस परीक्षण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर, हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव रेश्मा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान किरण चतुर्वेदी ने कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया, जिसमें बैरकों की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाएं और बंदियों को प्रदान की जा रहीं अन्य सुविधाएं शामिल थी। जेल में निरुद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की गई और उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण करने के निर्देश दिए गए। जिला न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से, जिन बंदियों के पास कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता नहीं है, उनके लिए निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से व्यवस्था की जाए। साथ ही बंदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ करने के निर्देश दिए गए। उक्त निरीक्षण में सहायक जेल अधीक्षक संजय नायक, चंद्र प्रकाश कश्यप अधिवक्ता, एवं पैरालीगल वालेंटियर/अधिकार मित्र घासी राम नेताम एवं प्रतिमा दीदी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार 2025 : दंतेवाड़ा में मत्स्य कृषकों को मिला मत्स्य जाल

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्रामीण समुदायों, विशेषकर किसानों और मछुआरों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुँचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में मत्स्य पालन विभाग ने मत्स्य कृषकों को मछली पालन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जाल (नेट) वितरित किए, साथ ही उन्हें आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया। सुशासन तिहार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की सुलभता सुनिश्चित करना, समस्याओं का त्वरित समाधान और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाना है। इसी क्रम में मत्स्य पालन विभाग ने तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई की। कुआकोंडा के खतकुड़ी कोर्राम और बालवीर कोर्राम, हल्बारास के राजेश राणा, पांडेवार के महेश ठाकुर तथा टेकनार के अमेश कुमार को मत्स्य जाल प्रदान किए गए। इन जालों की उपलब्धता से न केवल उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी आय और आर्थिक स्थिरता को भी बल मिलेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह पहल मत्स्य कृषकों के लिए एक उपहार के समान है, जो उनकी आजीविका को सशक्त बनाने के साथ-साथ शासन के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करेगी। मत्स्य जाल के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण इन किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और मत्स्य पालन विभाग ने इस दिशा में निरंतर प्रयासों का आश्वासन दिया है, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सकें। यह पहल सुशासन के प्रति छत्तीसगढ़ शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी नेशनल लोक अदालत जो 10 मई को आयोजित होने जा रही है सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, जैसे मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस (पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 138) बैंक वसूली, श्रम विवाद और प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करना था। जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों, जैसे शीघ्र न्याय, कोर्ट फीस की वापसी, और अंतिम निर्णय की अपील न होने की सुविधा, के बारे में बताए जाने व जागरूक करने कहा गया।

## रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल : जेलवाड़ी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में अग्रणी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। 53वीं एवं 45वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल द्वारा सामरिक मुख्यालय, जेलवाड़ी कैम्प परिसर में जिला चिकित्सालय नारायणपुर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व 53वीं वाहिनी के सेनानी संजय सिंह एवं 45वीं वाहिनी के सेनानी राजीव गुप्ता ने किया। शिविर में दोनों वाहिनियों के कुल 15 अधिकारियों व जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाई।

अपने संबोधन में संजय कुमार, सेनानी 53वीं वाहिनी ने कहा कि रक्तदान वह कार्य है जिससे न केवल किसी को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता को भी आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे शरीर में निरंतर नया रक्त बनता रहता है, अतः समय-समय पर रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। शिविर के सफल आयोजन में जिला चिकित्सालय नारायणपुर की टीम से डॉ. सुधांशु गुप्ता (पैथोलॉजिस्ट) एवं डॉ. राहुल कुमार, सी.एम.ओ. सहित प्ज्ठच् की चिकित्सा टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सेनानी संजय कुमार ने सभी रक्तदाता जवानों, चिकित्सा टीम एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** मुख्यमंत्री कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील कांकेर के ग्राम माटवाड़ालाल निवासी 04 वर्षीय हर्ष नाग की गड्ढे में गिरने से पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम परिजन किशन और सारिका को चार लाख रुपये की कलेक्टर द्वारा सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## कलेक्टर नुपुर पन्ना ने सुनी आमजनों की समस्याए



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में अपने कक्ष से बाहर विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों के पास जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने एक एक करके नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया।

## जिले के सभी ग्राम पंचायत में आज जनचौपाल का आयोजन

**नारायणपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने हेतु कलेक्टर प्रतिष्ठा मंमगाई के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज 30 अप्रैल को जनचौपाल का आयोजन किया जाएगा। क्लस्टर गरांजी, रेमावण्ड, धौड़ाई, बेनूर, पालकी, बड़ेजम्हरी, हलामीमुंजमेटा और छोटेडोंगर क्लस्टर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में जनचौपाल का आयोजन करने ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जनचौपाल की सफल आयोजन हेतु जनपद ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों का ड्यूटी लगाई गई है, वे अपने निर्धारित ग्राम पंचायत के जनचौपाल में उपस्थित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने के लिए निर्धारित प्रपत्र में नोडल अधिकारियों को निदेशीत किया गया है। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत के जनचौपाल में प्राप्त में किए आवेदनों की जनकारी जिला पंचायत के उपसंचालक, पंचायत शाखा में अनिवार्य रूप से एक दिन बाद प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## कलेक्टर ने प्रदाय किया सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया। शिक्षा विभाग में पदस्थ श्यामलाल कश्यप प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला खड़ीबहार एवं पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक धनमान राम भगत का सेवानिवृत्त होने पर शाल एवं श्रीफल भेंट करते हुए पीपीओ प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सेवानिवृत हो रहे समस्त कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, बीईओ कृष्णनाथ गोटा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ करें : क्षीरसागर

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर सुशासन तिहार एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आवेदनों पर अब तक की गई कार्यवाही की धीमी गति पर असंतोष जाहिर करते हुए जल्द से जल्द से निपटारा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित नवीन ग्राम केसेकोड़ी और गुड़ाबेड़ा के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए विभागीय सर्वे करने और लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस सेंटर निर्माण सहित विभिन्न सड़क मार्ग व पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने तथा बारिश के पहले पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण का काम प्रारंभ कर प्रत्येक सप्ताह विकासखण्डवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। साथ ही आवास प्लस के तहत सर्वेक्षण का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कर सभी छूटे हुए ग्रामीणों के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। इसके तहत दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में सर्वे की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने प्रत्येक पात्र परिवार को जोड़ने के निर्देश दिए।

## सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें : कलेक्टर

### निर्माण एवं विकास कार्यों को बरसात के पूर्व पूरा कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत किया गया। उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हांकित ग्रामों मे पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों को जल्द निराकरण कराने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ममगाई ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2016-23 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में में स्वीकृत आवासों की भौतिक प्रगति, औषधीय उपयोग में आने वाले पेड़ पैधे एवं जड़ी बुटी का नर्सरी तैयार करने, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने, जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के संबंध में, मोबाईल टावरो की स्थापना के प्रगति, नये आधार कार्ड बनाने एवं सुधारने, नक्सल पीड़ित पुनर्वास के तहत् स्वीकृत आवास, आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, सीएसआर एवं एससीए से जनपद पंचायत ओरछा में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (लखपति महिला), परिवारों का समावेशन, अमृत सरोवर, नक्सल पीड़ितों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को को प्रदाय की गई शासकीय नियुक्ति, आदिवासी विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों का प्राप्त एवं अप्राप्त निरीक्षक प्रतिवेदन की संख्यात्मक जानकारी ली। कुछ आश्रम छात्रावासों में नवीन शौचालय, नवीन स्नानागार, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, खेल सामग्री, विद्युत कनेक्शन, अतिरिक्त कक्ष, किचन शेड, बोर, कम्प्यूटर, सीसी टीवी कैमरा, पंखा, टीवी, टेबल कुर्सी, मच्छरदानी, गद्दा चादर एवं रंगाई पोताई की आवश्यकता को देखते हुए शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने पेयजल की समस्याओं का निराकण कराने, प्राथमिक शाला कुलानार में जलापूर्ती, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालित, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक छोटेडोंगर का निरीक्षण, ग्राम तोयनार में विद्युत व्यवस्था, ग्रामीण आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्र, निक्षय मित्र, राष्ट्रीय कृष्ट उन्मूलन कार्य की प्रगति, राष्ट्रीय वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम, जननी सुरक्षा योजना और किलकारी कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ममगाई ने शासकीय उचित मुल्य दुकान निर्माण कार्यों, जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, बी.एस.सी. नर्सिंग हेतु सहायता राशि प्रदाय करने, ग्राम परलभाट में नवीन सड़क निर्माण करने, ग्राम गोमागाल ओरछा में द्वितीय श्रेणी सड़क निर्माण एवं स्कूल भवन हेतु स्वीकृति प्रदान करने, प्राथमिक शाला गरावण्ड के लिए नवीन स्कूल भवन निर्माण करने, ग्राम नरिया कोडोली में सड़क निर्माण कार्य करने, मरम्मत कार्य का राशि भुगतान कराने, दस्तावेजों एवं सामग्री की सुरक्षा के लिए उचित कार्यवाही करने, अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने, ग्राम कारकानार में विद्युत कनेक्शन एवं नलकुप खनन कराने, ग्राम झारा उड़ीदगांव द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा के तहत जमा दावा के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादूर, अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पाम ऑयल के क्षेत्र विस्तार के लिए मिशन मोड में कार्य करने पर जोर

## कलेक्टर ने की उद्यानिकी एवं रेशम विभाग के कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उद्यानिकी एवं रेशम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत ऑयल पाम क्षेत्र विस्तार के लिए कलस्टर चयन कर मिशन मोड में क्रियान्वयन पर बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि एफआर क्लस्टर का चयन कर जहां सिंचाई और बिजली की उपयुक्त व्यवस्था हो, वहां अधिकतम क्षेत्र में रोपण सुनिश्चित किया जाए और बरसात से पहले सभी तैयारियाँ पूरी कर ली जाएं। जिले में लगभग 600 एकड़ में मिर्ची का उत्पादन हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से मिर्ची उत्पादन बढ़ाने और प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए भी निर्देश दिए। जिले में सब्जी मंडी की आवश्यकता को देखते हुए मंडी बोर्ड से समन्वय कर निर्धारित मापदंडों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने को भी कहा गया। साथ ही नारियल उत्पादन के क्षेत्र विस्तार हेतु नारियल विकास बोर्ड के सहयोग से सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों में नारियल के पौधारोपण को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में किसानों के लंबित केसीसी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले में गेंदा और गुलाब की खेती के साथ-साथ झरबेरा और आर्किड की खेती की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में रेशम विभाग की टसर योजना, कोसा संरक्षण एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई तथा उद्यानिकी एवं रेशम विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी छ.ग.**

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/आयुक्त/स्टेशनरी/निविदा/2025/1140 धमतरी, दिनांक 29/4/2025

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर टेन्ट सामाग्रियों किराये पर एवं जलपान, भोजन इत्यादि क्रय की आवश्यकता होती है, जिसके लिए इच्छुक स्थानीय टेन्ट/किराया भण्डार एजेंसी/ फर्मों से टेन्ट सामाग्रियों का किराया दर एवं जलपान, भोजन इत्यादि की सामाग्रीवार/आईटमवार दर निविदा प्रपत्र बी में निविदा/किराया दर (प्रतिनग, प्रति वर्गफीट, प्रति रनिंगफिट, प्रति कप, प्रति सेट, प्रति प्लेट इत्यादि) स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 21.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

**01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि — 09.05.2025 कार्यालयीन अवधि तक।**
**02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि — 13.05.2025 कार्यालयीन अवधि तक।**
**03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि — 21.05.2025 अपरान्ह 04.00 बजे तक।**
**04. निविदा खोलने की तिथि — 22.05.2025 सांय 05.00 बजे।**

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. | 06. |
| 01. | विभिन्न टेंट, सामग्री किराये पर प्रदाय कार्य। | 9.80 | 10000.00 | 750.00 | कार्यादेशानुसार |

उपरोक्त सामाग्री एवं निविदा शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के स्टेशनरी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.com तथा www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम धमतरी**

# नाली निर्माण में भारी अनियमितता

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा नाली निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर निगम आयुक्त को बसपा जिला प्रभारी आशीष रात्रे ने पत्र प्रेषित करते हुए वार्डवासियों द्वारा की मांग से उन्हें अवगत कराया। श्री रात्रे ने पत्र में बताया कि निगम धमतरी द्वारा जोधापुर वार्ड में नाली निर्माण हेतु राजेश बेलदार घर से दिनेश गौतम घर की तरफ सी सेफ में नाली बनाने हेतु 2 लाख रूपये सितंबर-अक्टूबर 2024 में पास हुआ है। इस तरफ कुछ हिस्से में नाली ही नहीं है एवं बाकी के हिस्से में बहुत ही छोटा नाली है। यह छोटा नाली 30-40 वर्ष पूर्व बना है



जिससे पानी निकासी नहीं हो पाता एवं 20 मिनट के बरसात में ही सड़क में घुटनों तक पानी भरकर लगभग सभी घरों में घुस जाता है जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं कुछ समय के लिये आवागमन भी बंद हो जाता है। नाली निर्माण से ये परेशानी अपने आप दूर हो जाती परंतु अचानक काम प्रारंभ होने पर नगर निगम के इंजीनियर के द्वारा जो कि 10.15 वर्ष पूर्व बना है। दिशा बदलकर जहां पहले बड़ी नाली है उसी को पुनः चौड़ा किया जा रहा है जिसका कोई औचित्य ही नहीं है। स्थल निरीक्षण करने पर ये भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा अपने आप समझ आ जायेगी। निगम आयुक्त को लिखे पत्र के माध्यम से रात्रे ने मांग किया है कि उक्त क्षेत्र का मुआयना कर इस दिशा का काम बंद कराकर स्वीकृत एरिया में ही नाली निर्माण किया जावे ताकि इस बरसात में इस क्षेत्र के लोग राहत की सांस ले सके। यह मांग वार्डवासियों के तरफ से की गई है।

# महापौर रामू रोहरा के प्रयास से नगरी शासकीय महाविद्यालय को मिली लाखों की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

महापौर रामू रोहरा गत दिनों नगरी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति की ओर विकास कार्यों की मांग की गई थी। महापौर ने वहां उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया था कि विकास कार्यों की जो मांग की गई है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। रोहरा के प्रयास से शासकीय महाविद्यालय सुखराम नागे में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु लगभग पचास लाख रुपए 50 लाख व जिला जेल की बाऊण्ड्रीवाल दीवाल हेतु 52.28 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर महाविद्यालय परिवार ने महापौर रामू रोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। धमतरी जिले को मिली सौगातों के लिए रामू रोहरा सूबे के मुखिया विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, गृहमंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो कि रोहरा के प्रयासों से धमतरी जिले को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात मिली है।



# शिविर में 799 आवेदकों का बना लर्निंग लायसेंस



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग के त्वरित निराकरण हेतु जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल 2025 को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 799 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला, विकासखण्ड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं चण्डी, बिलाईगढ़ अंतर्गत गाताडीह एवं बलौदी में आयोजित किया गया।

# वक्फ सुधार जनजागरण अभियान छत्तीसगढ़ में 1 मई से लेकर 10 मई तक : किरण सिंह देव

## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वक्फ (संशोधन) कानून और मुसलमान वक्फ (निरसन) कानून के संसद में पारित होने के पश्चात पार्टी द्वारा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 1 मई से लेकर 10 मई 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये जाएंगे। वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह प्रवास होगा और इस दौरान वह आउटरीच गतिविधियों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि प्रदेश इकाई द्वारा केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। वह वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के बारे में मीडिया को जानकारी देंगे, जिसका उददेश्य वक्फ संशोधन अधिनियम के बारे में जागरूकता फैलाना है इसके लाभ, कांग्रेस के



तहत वक्फ का दुरुपयोग (विशेष रूप से 2013 के संशोधन), और भाजपा द्वारा पारदर्शिता, संस्थागत क्षमता और वास्तव में मुस्लिम समुदाय के विकास करने की प्रतिबद्धता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्फ बोर्ड द्वारा स्थानीय स्तर पर किए गये अवैध अतिक्रमण के मुद्दे को भी उजागर किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि मुस्लिम और अन्य समुदायों के धार्मिक नेता, डॉक्टर, कलाकार, वकील, शिक्षाविद, महिला कार्यकर्ता, मीडिया प्रमुख और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को आमंत्रित किया जाएगा एवं टाउन हॉल आयोजित किया जाएगा। उम्मीद अधिनियम के प्रावधानों और उसके लाभों पर भी चर्चा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि केंद्रीय नेतागण विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय नेता करेंगे। वक्फ संशोधन एक प्रगतिशील और महिला-हितैषी सुधार हैं इसके तथ्य रखे जाएंगे। इन कार्यक्रमो में प्रभावशाली महिला नेताओं जैसे कलाकारों और स्थानीय रूप से विश्वसनीय आवाज़ों को आमंत्रित किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा उलेमाओं के साथ बैठकें आयोजित की जाएगी, जिनकी अध्यक्षता केंद्रीय नेता करेंगे। बैठक का उद्देश्य सरकार की धार्मिक अधिकारों के प्रति सम्मान की भावना को उजागर करना होगा, साथ ही सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नए संशोधन के सकारात्मक पहलुओं को साझा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख ईसाई नेता, केंद्रीय नेताओं के साथ मिलकर प्रमुख प्रदेशों में ईसाई सदभाव बैठक आयोजित करेंगे, जहाँ पर ईसाई जनसंख्या उल्लेखनीय रूप से उपस्थित रहेगी। जनजाति समुदाय संवाद अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में किया जाएगा, केंद्रीय नेतागण की अध्यक्षता में प्रमुख जनजातीय हस्तियों सरपंचों, मुखियाओं, पुजारियों, शिक्षकों और निर्वाचित पेसा अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएगी। इन बैठकों का उद्देश्य जनजातीय-प्रधान क्षेत्रों में सार्थक चर्चा करना होगा। इसका लक्ष्य यह संप्रेषित करना है, कि भाजपा नए आदेश के अंतर्गत वक्फ अतिक्रमण से जनजातीय भूमि की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि यह पहल स्थानीय स्तर पर मुस्लिम नागरिकों के साथ अनौपचारिक और ईमानदार संवाद को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून को लेकर कांग्रेस द्वारा गलत जानकारी लोगों तक फैलाई जा रही है। इसकी वास्तविकता को लेकर ही हम समाज तक जा रहे हैं।

# धान उपार्जन केंद्र में लाखों रुपए गबन करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संजय कुमार वर्मा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा कोदवा प्रभारी शाखा प्रबंधक द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि धान उपार्जन केंद्र प्रभारी आरोपी परदेसी राम साहू द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कल 368.78 क्विंटल धान राशि 8,48,194 कमी कर शासन एवं समिति को गबन कर क्षति पहुंचाई है। कि प्रकरण में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर मुख्य कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ शाखा कोदवा की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना पलारी में अपराध क्र. 140/ 2025 धारा 316(5), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी परदेसी राम साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा धान उपार्जन केंद्र में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 368.78 क्विंटल धान राशि 8,48,194 शासन एवं समिति को गबन कर क्षति पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# हिरमी में 5 मई से शुरू होगा नि :शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, युवाओं के लिए अवसर

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

हिरमी क्षेत्र के छात्र छात्राओं युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर उपलब्ध हो रहा है। आगामी 5 मई से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह प्रशिक्षण दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन हिरमी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के छात्राओं युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। इस प्रशिक्षण में कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी, बेसिक कम्प्यूटर एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग, ईमेल संचालन और अन्य जरूरी डिजिटल कौशल सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण की अवधि 45 दिन की होगी और यह पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। एवं संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा आयोजक संस्था के अध्यक्ष तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि इच्छुक युवक और युवतियां पंजीकरण के लिए राजपूत एजुकेशनल इंस्टीट्यूट हिरमी में जाकर 4 मई तक अपना नाम पंजीयन दर्ज करा सकते हैं। सीमित सीटों के कारण पंजीकरण जल्द कराने की सलाह दी गई है। संस्था के तनमय सिंह राजपूत ने कहा, ये निःशुल्क प्रशिक्षण का चौथा वर्ष है हमारा उद्देश्य क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे न केवल रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकें, बल्कि स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सके।

# रिकोकला में अवैध महुआ शराब कोचिया गिरफ्तार

## 20 लीटर हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रिकोकला में घेराबंदी कर अपने घर की बाडी में अवैध महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने वाली 01 आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4,000 कीमत मूल्य का 20 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# अधिवक्ता संघ कुरुद की कार्यकारणी का हुआ विस्तार

## अध्यक्ष पांडेय ने की नए कार्यकारणी की घोषणा



पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

अधिवक्ता संघ कुरुद के निर्वाचन के पश्चात प्रथम बैठक सम्मेलन अधिवक्ता कार्यालय में किया गया जिसमें अध्यक्ष रमेश पांडेय ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया। जिसके अनुसार संरक्षक एल पी गोस्वामी, अध्यक्ष रमेश पांडेय, उपाध्यक्ष नरेश डिंगरे, ममता सोनकर महिला उपाध्यक्ष, सचिव यशवंत कुमार साहू, सहसचिव श्यामशंकर चंद्राकर, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव हेमंत निर्मलकर, ग्रन्थालय प्रभारी राजेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य एम एस भारतद्वाज, एस पी लाम्बा, विश्वेश्वर साहू, ऐनेंद्र साहू, लोकेश दत्त भार्गव, नीतू तोड़ेकर का मनोनयन किया गया। मंच संचालन की जवाबदारी अधिवक्ता जय प्रकाश साहू को सौंपा गया। इस कार्यकम में अभिभाषक अधिवक्ता बी डी साहू गुणवंत सोलंके मोहेंद्र चंद्राकर यजुवेंद्र साहू तरुण यदु जीवराम ध्रुवंसी दिलीप साहू मुकेश सप्रे कमल नारायण साहू योगेंद्र साहू ओमेश साहू के डी जागेन्द्र खेमप्रकास सोनवानी खेमन निर्मलकर तोश चक्रधारी गुलेश्वर साहू हरीश साहू राकेश देवांगन जालम साहू सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित उपस्थित थे।

# गुरूकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी का सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम समस्त पालकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। गुरुकुल विद्या सागर स्कूल हिंदी माध्यम में कक्षा केजी वन में प्रथम स्थान कु. पायल साहू 99.5 प्रतिशत, द्वितीय कु तारणी साहू 98.5 प्रतिशत, तृतीय कु आराध्या गंगबेर 98 प्रतिशत, कक्षा केजी टू में प्रथम चेतन्य साहू 92 प्रतिशत, कक्षा पहली में प्रथम भास्कर साहू 96.16 प्रतिशत, द्वितीय तान्या साहू 95.16 प्रतिशत, तृतीय देविका सिन्हा 88.33 प्रतिशत, कक्षा दूसरी प्रथम सीमांत साहू 97.16 प्रतिशत, द्वितीय



कु लावण्या सिन्हा 95.16 प्रतिशत, तृतीय विनय कुमार साहू 91.66 प्रतिशत, तीसरी प्रथम कु. हसीना सिन्हा 92.83 प्रतिशत, द्वितीय कु चित्राणी साहू 88.33 प्रतिशत, तृतीय फनीश साहू 85 प्रतिशत, चौथी प्रथम प्रवीण सिन्हा 90.83 प्रतिशत, द्वितीय जीत कुमार सोनकर 88.33 प्रतिशत, तृतीय प्रतीक सिन्हा 85 प्रतिशत, छठवीं प्रथम कु भावना ध्रुव 91.25 प्रतिशत, द्वितीय कु रितिका सिन्हा 90.33 प्रतिशत, तृतीय आदित्य यादव 88 प्रतिशत, सातवीं प्रथम हेमंत गजेंद्र 96.91 प्रतिशत, द्वितीय कु भार्गवी शांडिल्य 85.08 प्रतिशत, तृतीय कु लीशा यादव 84.50 प्रतिशत, गुरुकुल इंग्लिश स्कूल लोहरसी, कक्षा केजी वन में प्रथम कु जान्वी साहू 92 प्रतिशत, केजी टू प्रथम कु आदया साहू 99 प्रतिशत, द्वितीय जतिन कुमार साहू 96.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान देवांशु साहू 91 प्रतिशत, पहली में प्रथम धैर्य निषाद 99.5 प्रतिशत, द्वितीय फलेन्द्र साहू 99 प्रतिशत, तृतीय प्रेरणा साहू 93.66 प्रतिशत, दूसरी प्रथम कु गुनगुन साहू 98.66 प्रतिशत, द्वितीय जिगर सिन्हा 80 प्रतिशत, तीसरी प्रथम कु कुमुद साहू 96 प्रतिशत, द्वितीय नवीन कुमार देवांगन 94.16 प्रतिशत, तृतीय विवेक साहू 90.83 प्रतिशत, चौथी प्रथम चंद्रकांत ध्रुव 90.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मोक्ष साहू 88.33 प्रतिशत प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम सुनकर अभिभावकों में उत्साह देखा गया। भारत लाल साहू ने समस्त छात्र छात्राओं एवं पालकों को बधाई देते हुए कहा कि आज आप सबको अपनी मेहनत का परिणाम मिला। बच्चे जितना अधिक मेहनत करेंगे परिणाम उतना अच्छा होगा। पालको को चाहिए कि बच्चों को विद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए ताकि उनकी प्रतिभा निखर कर सबके सामने आ सके। इसके लिए बच्चों की आवश्यकताओं को समय समय पर पूरा करते रहे ताकि उन्हें किसी भी चीज की कमी न रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जीवनलाल, कु झामीन साहू, कु गीतांजलि साहू, कु ज्ञानेश्वरी साहू, डिलेश्वरी साहू, खोमेश्वरी साहू, लीना साहू, केसर सिन्हा के अलावा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में विभिन्न प्रकार के फलदार छायादार पौधों को 8 वर्षों से जीवित रखे हैं एक शिक्षक

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण को बढ़ावा देने एक शिक्षक ने बच्चों की तरह विगत 8 वर्षों से फलदार, छायादार व ऑक्सीजन युक्त पौधों का रोपण कर देखभाल कर रहे हैं, उनके द्वारा रोपित किए गए पौधे 20 से 25 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गए हैं, गर्मी के दिनों में जहां लोग पेयजल की समस्या से जूझते हैं उनके द्वारा बाकायदा सभी पौधों में पानी सिंचित कर गर्मी में भी उसे जीवित रखते है। प्रत्येक वर्ष उनके द्वारा 10 से 20 पौधों का रोपण कर उनके देखभाल किया जाता है, यह प्रक्रिया स्कूल में विगत 3 वर्षों से जारी है, जबकि उनके निवास स्थान के आसपास विगत 8 वर्षों से पौधारोपण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। कमलेश साहू ने



बताया कि हम बरसात में पौधारोपण तो कर देते हैं मगर उनका उचित देखभाल नहीं करने एवं नियमित पानी नहीं देने के कारण बहुत कम पौधे ही पेड़ बन पाते हैं। आज के भीषण गर्मी में जिस तरह से जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है उससे पौधों को बचाना एक बड़ी चुनौती बन गई है। पौधा लगाना तो आसान है मगर उन पौधों की देखभाल करना एवं उसे पेड़ बनाना सबसे मुश्किल काम है। उन्होंने पौधारोपण को एक मिशन के रूप में लिया है। स्कूल परिसर के साथ-साथ घर के आसपास भी बहुत सारे पौधे लगा चुके हैं जो अब पेड़ के रूप में लोगों को शीतल छाया प्रदान कर रहे हैं। कमलेश साहू ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना के पास करीब पांच एकड़ का एक बड़ा सा स्कूल परिसर है। इसके एक तरफनीलगिरी सागौन के पेड़ पहले से लगे हुए हैं। उसके दूसरे तरफ जगह खाली पड़ा हुआ था। शिक्षकों एवं छात्रों के साथ मिलकर उसमें पौधारोपण की योजना बनाई। पहले मैदान की सफाई कर उसमें पौधारोपण किया गया। पौधों को रोपने के बाद उसे गाय-बैल एवं भेड़ बकरियों से बचाने के लिए कबाड़ में पड़े पुराने टेबल की एंगल एवं पुराने आलू बोरी से सुरक्षा घेरा तैयार कर पौधों की सुरक्षा की गई। जब पौधे थोड़े बड़े होने लगे तो सुखे बांस, बेर कांटा, खजूर के पत्तों से एक मजबूत सुरक्षा घेरा तैयार किया गया। पौधे देखते ही देखते करीब चार-पांच फीट के हो गए। तब सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई क्योंकि पौधे सुरक्षा घेरे से ऊपर झांकने लगे तब सुरक्षा जाली तैयार कर पौधे को सुरक्षित किया गया। अब पौधे 10 से 15 फीट के हो चुके हैं।

### कबाड़ से जुगाड़

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण के लिये मुहीम चलाया गया। जिसके तहत आम-जाम, अमरूद, गुलमोहर, कदम्ब के पौधों का रोपण किया गया मगर इतने सारे पौधों के लिए अलग-अलग सुरक्षा घेरा तैयार करना कठिन था। स्कूल में उतना बजट नहीं था। ऐसे में पौधों की सुरक्षा के लिए पुराने अहाता को मरम्मत करने के लिए शासन से मांग की गई। करीब 19 लाख रुपए का स्टीमेट बना कर स्वीकृति के लिए भेजा गया मगर चुनावी वर्ष होने के कारण स्वीकृति नहीं मिल पाई। इस वर्ष सुशासन तिहार के अवसर पर अहाता निर्माण की मांग की गई है। कमलेश साहू ने बताया कि ढाई तीन फीट का दिवाल पहले से ही बना हुआ है। शिक्षक साथियों से चर्चा कर पुराने टेबल, दरवाजे, चौखट, बोर्ड के एंगल कबाड़ के रूप में बेकार पड़ा हुआ था। उसी कबाड़ से जुगाड़ बनाया गया और दीवाल के ऊपर एंगल खड़ा कर कांटा तार से घेरने की योजना बनाई गई। पालकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के जन सहयोग से एंगल खड़ा कर उसमें कांटा तार खींचा गया। नया कांटा तार काफी महंगा है। ऐसे में पुराना कांटा तार की व्यवस्था के लिए उन्होंने बरतियाभांठा निवासी कुबेर चरण नायक से संपर्क किया। उनके पास पड़े पुराने कांटातार को देने के लिए सहर्ष तैयार हो गये। अब कांटा तार से घेरा तैयार होने से मवेशियों से सुरक्षित हो जाएगा और आने वाले बरसात में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा ताकि आने वाले समय में हराभरा विद्यालय के रूप में विकसित हो सके।

### गर्मी में झुलसने लगे थे पौधे

कमलेश साहू ने यह भी बताया कि स्कूल परिसर एक कठोर पथरीली एवं मुरम युक्त है। यहां पेड़ लगाना कठिन है। गर्मी के दोनों नियमित पानी नहीं दिया गया तो सुख कर मर जाएंगे। कुछ दिन पहले बोर खराब हो गया था और आंधी तूफान में पोल गिरने से कुछ दिनों के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे पंचायत एवं बिजली विभाग के सहयोग से ठीक कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बहुत सारे पौधे झुलसकर मुरझाने लगे थे। सुबह पौधों में पानी देने का कार्य करते हैं ताकि पौधे बच जाए अगर इस सीजन बच गये तो अगले साल से लोगों को छाया मिलने लगेगी।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे खेल मंत्री एवं दुर्ग सांसद, विजेता टीम को शील्ड देकर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com





दुर्ग जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाहंदा (अ) में छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो खो संघ के तत्वधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 अप्रैल तक किया गया। आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर स्थल के विशाल मैदान में किया गया। जिसमें महिला पुरुष प्रतियोगिता में भाग लिए लगभग 64 टीम खो-खो में अपना प्रतिभा दिखाएं। जहां दुर्ग जिला से प्रथम विजेता टीम रही झीट साथ ही प्रथम पुरुष विजेता भी दुर्ग जिला से झीट ही रही। दूसरे नंबर पर भिलाई और कांकेर की टीम रही। कार्यक्रम के समापन 27 अप्रैल को संपन्न हुआ। जहां बतौर मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल ने किया। विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र कौशिक जिला अध्यक्ष भाजपा, कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन, जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर, हर्ष लोकमनी चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य , लोकमनी चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तर पाटन, सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख युवा मोर्चा, रूपेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत झीट, राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, नवीन पवार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, दयानंद सोनकर नगर पालिका अमलेश्वर, कैलाश यादव महामंत्री उत्तर पाटन भाजपा के अतिथि में विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। खेल मंत्री टंक राम वर्मा और सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अपने उदबोधन में कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए हार जीत तो लगा रहता है। खेल को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन लगातार कार्य कर रही है। खेल के माध्यम से देश में छत्तीसगढ़ के बच्चे भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं चाहे खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र का हो खेल के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन कर अपना नाम रोशन प्रदेश में कर रहे हैं। खेल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर टीकाराम साहू अध्यक्ष एकलव्य खो खो टीम, मोहन साहू उपाध्यक्ष, होरीलाल यादव सदस्य, हरिराम सर्वा उपाध्यक्ष, चेतन देवांगन सदस्य, गजेंद्र यादव कोच, पवन मानिकपुरी कोच, अनुज साहू सचिव, बलदेव प्रसाद साहू, परमानंद मिश्रा, तरुण शुक्ला, सुरेंद्र साहू, भारत साहू, कुलेश्वर निर्मलकर, मेघनाथ साहू, विश्राम कुर्रे, कुलदीप साहू, गीता साहू, बल्ला राम साहू, देवेंद्र वर्मा, कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुविभागीय अधिकारी पाटन लवकेश ध्रुव, नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी, पटवारी टिका राम साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चेला राम साहू और चेतन देवांगन ने किया।

# 1 मई को आयोजित होगा ट्रेड यूनियन काउंसिल का वार्षिक श्रमिक सम्मेलन

## प्रदेश अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, नेतृत्व परिवर्तन की भी घोषणा

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



ट्रेड यूनियन काउंसिल, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने मनेन्द्रगढ़ रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी दी कि संगठन का वार्षिक श्रमिक सम्मेलन आगामी 1 मई 2025 को मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में संपन्न होगा, जिसमें प्रदेश के 25 से अधिक जिलों से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने बताया कि संगठन की स्थापना वर्ष 1981 में वरिष्ठ अधिवक्ता जेपी श्रीवास्तव व उनके साथियों द्वारा की गई थी और अब यह 48 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस संगठन ने श्रमिक, कृषक और कर्मचारियों के हित में दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण, सरगुजा संभाग का गठन, रेल विस्तार आंदोलन, वन भूमि अधिकार, और असंगठित मजदूर योजनाओं जैसे अनेक ऐतिहासिक संघर्ष किए हैं। सम्मेलन कार्यक्रम विवरण देते हुये एम सी बी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम सत्रः 11:30 से 1:00 बजे तक श्रमिक मुद्दों पर प्रतिनिधियों की परिचर्चा होगी.द्वितीय सत्रः 1:00 बजे के बाद खुला सत्र एवं प्रस्ताव पारितहोगा. सम्मान समारोह में 11 श्रमिकों को "श्रम श्री" एवं एक वरिष्ठ नागरिक को "वरिष्ठ नागरिक श्री" सम्मान प्रदान किया जाएगा।

**सम्मेलन में पारित किए जाने वाले प्रमुख प्रस्तावः** मई दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और पंचायत कर्मियों को सरकारी खर्च पर बीमा

**राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता**-आठवां वेतन आयोग शीघ्र लागू किया जाए। मानदेय और वेतनवृद्धि के लिए सरकार से ठोस मांगें की जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष श्रीवास्तव ने यह भी घोषणा की कि 1 मई 2025 को वे संगठन का नेतृत्व किसी नए प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन संगठन की निरंतरता और नवीन ऊर्जा का प्रतीक होगा। साथ ही, उन्होंने मई दिवस 2026 का आयोजन बस्तर में करने की योजना की भी जानकारी दी।

# कलश यात्रा के साथ अम्लेश्वर में शुरू हुआ राम कथा, 03 मई तक बहेगी अविरल धारा

पायनियर संवाददाता ◀ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में 27 अप्रैल से 3 में तक पंडित युवराज पांडे के मुखारविंद से राम कथा का अविरल धारा नगर में बहेगी आपको बता दें नगर पालिका अम्लेश्वर खारून नदी के तट में और हटकेश्वर नाथ महादेव घाट में बसा है जहां राम कथा का आयोजन समाज सेवी कांग्रेस नेता महेंद्र साहू के द्वारा किया जाता रहा है। जिसका कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। मंगल मय भक्ति प्रसंग 27 अप्रैल रविवार पीठ पूजन, कलश यात्रा, व्यास पीठ पूजन, रामायण पाठ, हरि नाम संकीर्तन, राम जी की आरती होंगे। 28 अप्रैल को वाल्मीकि तुलसीदास चरित्र एवं शिव चरित्र सूर्यवंश की गाथा का वर्णन हुआ। 29 अप्रैल को राम जन्म उत्सव अहिल्या उत्थान राम जानकी की विवाह का वर्णन किया गया। 30 अप्रैल को राम वनवास भारद्वाज एवं वाल्मीकि जी से मिलन एवं प्रसंग का बखान करेंगे पंडित जी। 01 मई भरत चरित्र जयंत की कथा सुनाएंगे। 02 मई को शबरी प्रसंग हनुमान जी से मिलन कथा का बखान करेंगे महाराज। तत्पश्चात 03 मई को सेतु निर्माण राज्याभिषेक तुलसी वर्षा एवं चढ़ौतरी, गीता दान हवन एवं पूर्ण आहुति के साथ महा भंडारा का आयोजन होगा।

# राजस्व विभाग समीक्षा बैठक में 50 करोड़ वसुली का लक्ष्य, महापौर ने राजस्व टीम अमले को दी अग्रिम शुभकामनाएं

## महापौर अलका बाघमार ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में फायर सेप्टी की जांच करने के निदेश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार द्वारा राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर के साथ बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है। डाटा सेंटर सभागार में आयोजित राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक में महापौर अलका बाघमार ने कहा कि अधिकारी 1 मई से सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। निगम राजस्व वसूलने के लिए लगातार निगरानी कर रही है। इस स्थिति में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। महापौर द्वारा राजस्व टीम की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व में राजस्व करों की वसूली के लिए अभियान चलाया है. बड़ा असर निगम के राजस्व वसूली में देखने को मिला.क्योंकि बात यदि पिछले दो सालों की करें तो इस बार संपत्ति कर की ज्यादा वसूली हुई है। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर और बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया की राजस्व वसूली 50 करोड़ का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी नगर निगम राजस्व की फौज उतरेगी, अभियान चलाकर शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करेगी। जिसके महापौर अलका बाघमार व प्रभारी शेखर चन्द्राकर ने पूरे राजस्व टीम को अग्रिम बधाई देते हुए कहा आप लोगो की मेहनत से 50 करोड़ का लक्ष्य पूरा करेंगे।उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें।महापौर ने टैक्स वाली के समय किसी भी की न सुने बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए। सभी करदाता से सम्पति कर जमा करने बोले है, क्योकि 15% पेनाल्टी और 1000/- रुपये पैनल चार्ज सम्पति कर नही जमा करने पर लगता है। प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें।साथ ही अप्रैल के शेष बचे 3 दिनों में वसूली और भी तेजी लाने टीम गठित जोर लगाए। प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे, अवकाश के दिनों में भी घर-घर वसूली करने करें। अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आना कानी करते है तो नोटिस जारी कर नियमनुसार ताला बंदी की कार्रवाही करेंगे। सख्त निर्देश वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। समीक्षा बैठक मे नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे। उन्होंने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके।उन्होंने ये भी कहा कि बड़े बकायादारों से कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे। महापौर अलका बाघमार ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में फायर सीप की जांच करने के निदेश दिए है, साथ ही फायर सेप्टी इन जगहों पर नही पाए पर जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही। उन्होंने यूजर चार्ज में बढ़ोतरी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यूजर चार्ज में कोई समझौता नही होगी।राजस्व बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर, सहायक राजस्व व बाजार अधिकारी शुभम गोइर, थानसिंह यादव, रामखिलावन शर्मा, शिवा, सिद्धान्त, लक्ष्य, पवन नायक, सत्येन्द्र, निखिल, धनवर्धन, नीरज मौजूद रहें।

# जुआ एक्ट के प्रकरण में तीन जुआडियों से नगदी रकम 7,700/- रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सटटा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत मुखबिर से सूचना मिला कि थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिल्फी खार मंक कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, इस दौरान मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 03 जुआडियानो कलाम खॉ पिता जाहिर खॉ उम्र 32 साल साकिन बिरनपुर थाना साजा जिला बेमेतरा, रामजी पाल पिता माधव पाल उम्र 40 साल साकिन गातापार थाना परपोडी जिला बेमेतरा, सुभाष लोधी पिता स्व. भारत राम लोधी उम्र 27 साल साकिन ढाप थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 7,700/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक राकेश साहू, सउनि बनवाली सोनकर, टुमन लाल चतुर्वेदी, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अमित सिंह, दीनदयाल डहरिया, अर्जुन ध्रुर्वे, राजु यादव, एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दुलारपाली में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, 11वीं विज्ञान में आरती, कला में मनीषा एवं नवीं में मयंक प्रथम स्थान हासिल की

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में कक्षा ग्यारहवीं और नवमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दुलारपाली के सरपंच देवकी पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच आसमोती साहू, पंचगण मिनकेतन नेताम, दिलीप साहू, गणमान्य नागरिक पारस पटेल,केदार साहू, शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने की। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम आरती साहू, द्वितीय दिव्या डिंगरे, तृतीय दुर्गेश भारती, ग्यारहवीं कला में प्रथम मनीषा यादव, द्वितीय दुर्योधन निषाद, तृतीय गौरव, कक्षा नवमी में प्रथम मयंक पटेल, द्वितीय तेजस्विनी सिदार एवं विद्या चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को सरपंच देवकी पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश न होकर सफलता के लिए पुनः प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। एसएमडीसी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि परीक्षा में सफलता और असफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं बल्कि शिक्षकों और पालकों की भी होती है। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी टेकलाल पटेल ने की एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक सुशांत प्रधान ने किया।

इस अवसर पर कृष्ण कुमार नायक, दुबेलाल पोर्ते, रोहित कुमार साहू, रूपधर पटेल, राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी साहित समस्त स्कूल स्टॉफ एवं पालकगण उपस्थित थे।

# पेयजल को लेकर आयुक्त का वार्ड भ्रमण पंप ऑपरेटर लॉग बुक दुरूस्त रखे : आयुक्त मोनिका

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com




ओवरहेड टैंक में तैनात पंप ऑपरेटर को लॉगबुक दुरूस्त रखने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। गर्मी को देखते हुए रिसाली निगम आयुक्त ने टंकी के भराव स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल वितरण व्यवस्था को अति आवश्यक और महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को सजग रहने कहा। नगर पालिक निगम आयुक्त मोनिका पेयजल समस्या पर गंभीर नजर आई। उन्होंने रूआबांधा, आशीष, नगर नेवई और मरोदा ओवरहेड टैंक का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने पंप ऑपरेटर द्वारा संधारित लॉगबुक का अवलोकन भी किया। मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पंप ऑपरेटर ओवरहेड टैंक में जल भराव और पानी कितने मिनट तक दिए जाने का समय स्पष्ट रूप से उल्लेख करे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अभियंता अलिखेश गुप्ता, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। लिकेज देख हुई नाराज- निरीक्षण के दौरान वार्ड 34 स्थित मुख्य नेवई मार्ग में पाइप लाइन लिकेज मिला। सड़क पर पानी बहते देख आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने लिकेज को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दी है। साथ ही नेवई ओवरहेड टैंक के रिसाव को ग्रीष्मकाल के बाद ठीक करने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा। पानी की जांच हर रोज हो- इस दौरान पंप ऑपरेटर की मीटिंग लेते हुए आयुक्त ने कहा कि हर रोज ओवरहेड टैंक से पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे। उन्होंने रिपोर्ट मानक नहीं होने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करने कहा। जांच रिपोर्ट आने पर रजिस्टर पर इंद्राज करने भी निर्देश दिए।

# अवैध अतिक्रमण हटाने व रोकथाम जैसे मुद्दों पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में सोमवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर कई मुद्दों पर लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने वित्त/ लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे, राजस्व व बाजार प्रभारी शेखर चन्द्राकर, विद्युत/ यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर के अलावा पार्षद ललिता ठाकुर द्वारा की चर्चा। मुलाकात के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने बताया कि जनहित के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु शासकीय भूमि की लगातार आवश्यकता होती है, परंतु निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय भूमि की वास्तविक वस्तुस्थिति एवं विवरण की जानकारी नगर निगम मे उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण योजनाएं तैयार करने में कठिनाई होती है। लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर व वित्त/ लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने कहा कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त शासकीय (राजस्व / नजूल इत्यादि) भूमि की विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने ये भी अनुरोध किया कि नगर निगम दुर्ग मे शासकीय भूमि के चिन्हांकन, सीमांकन, माप, अतिक्रमण हटाने के बाद नया अतिक्रमण न हो हेतु रोकथाम इत्यादि कार्यों हेतु अनुभवी शासकीय राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की सेवाएं नगर निगम दुर्ग में संलग्न करने हेतु आदेशित करने अनुरोध किया। प्रभारी ने कलेक्टर को चर्चा में बताया कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित इंदिरा मार्केट, हटरीबाजार,गंजपारा इत्यादि विभिन्न व्यवसायिक परिसर, मुख्य मार्ग,नया बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन मार्ग के साथ सार्वजनिक उपयोग के स्थल पर किये गये अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों को जनहित में हटाये जाना अति आवश्यक है। इस हेतु कानून व्यवस्था की दृष्टि से कार्यकारी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की निरंतर आवश्यकता की मांग की। इस संबंध में उन्होंने प्रभावी कार्यवाही हेतु आपकी अध्यक्षता में संबंधित विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश आवश्यक है। साथ ही विद्युत/यांत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने बताया कि शहर की प्रकाश व्यवस्था के लिए भी डी एम एफफंड से एलईडी लाइट खरीदने के लिए कलेक्टर से राशि स्वीकृति की मांग किये है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र..........वर्ष................
ग्राम...............प.ह.नं.................
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा, जिला महासमुंद

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम अर्जुनी के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक जागेन्द्र पिता पेवन जाति गोड़ साकिन अर्जुनी रा नि मं सांकरा/पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा मृतका सूरजाबाई पिता गणेशराम के दिनांक 19/06/13 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/ दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पिथौरा
जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 115/ब-121/2024-2025
ग्राम बम्हनीडीह तहसील बम्हनीडीह
आवेदक श्री राजेन्द्र प्रसाद उम्र 35 वर्ष पिता श्री चैनकुमार जाति कलार एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता डनसेना उम्र 27 वर्ष पति श्री राजेन्द्र प्रसाद जाति कलार दोनों निवासी ग्राम बैसपाली तहसील व थाना रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

**// ईश्तहार //**

आम जनता ग्राम बम्हनीडीह तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र प्रसाद उम्र 35 वर्ष पिता श्री चैनकुमार जाति कलार एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता डनसेना उम्र 27 वर्ष पति श्री राजेन्द्र प्रसाद जाति कलार दोनो निवासी ग्राम बैसपाली तहसील व थाना रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 29.04.2018 को ग्राम बम्हनीडीह तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 22.04.2025

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 13.05.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 18/दुर्ग(दुर्ग.)/2025 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) पावर हाउस भिलाई में कार्यशाला भवन शीट प्रुफिंग, प्रशासनिक भवन में फर्श बदलने कार्य एवं प्रशासनिक भवन का विशेष मरम्मत कार्य | 59.50 |
| 19/दुर्ग(दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग के अंतर्गत सी.ओ.ई.भवन नवीनीकरण मुख्य भवन के लिए फर्श निर्माण और मजबुतीकरण शास. आई.टी.आई. पुलगांव दुर्ग में मुख्य भवन के लिए नवीवीकरण कार्य और सी.ओ.ई. भवन के लिए फर्श मरम्मत एवं मजबूतीकरण कार्य | 122.56 |
| 20/दुर्ग(दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 21/दुर्ग(राजनांदगांव)/2025 | शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर (वि.ख. डोंगरगढ) जिला राजनांदगांव में गर्ल्स टॉयलेट भवन का निर्माण कार्य | 28.48 |
| 22/दुर्ग(दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग पाटन के अंतर्गत विभिन्न उपखण्डों में बी.टी.पेच रिपेयर कार्य | 49.96 |
| 23/दुर्ग(राजनांदगांव)/2025 | शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय डोंगरगढ जिला राजनांदगांव में गर्ल्स टॉयलेट भवन का निर्माण कार्य | 28.47 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

G-252600522/7

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

## संपादकीय

### परमवीर चक्र विजेता मेट्रो द्वारा सम्मान

**दिल्ली मेट्रो** ने परमवीर चक्र विजेताओं को सम्मानित करने के लिए उनके म्यूरल लगाए हैं। इससे शहरी स्पेस में संस्कृति व इतिहास के चित्र प्रदर्शित हुए हैं। परमवीर चक्र विजेताओं-पीवीसी के लिए प्रतिबद्ध म्यूरल उन भारतीय सैनिकों का सम्मान है जिनको सर्वोच्च सैनिक सम्मान प्रदान किए गए थे और जिन्होंने युद्ध के दौरान असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया था। ये म्यूरल न केवल कलात्मक श्रृद्धांजलि हैं, बल्कि इन नायकों की असाधारण वीरता और बलिदान की गाथा गाते हैं। विपरीत स्थितियों में असाधारण साहस प्रदर्शित करने वाले सैनिकों को परमवीर चक्र प्रदान किया जाता है जो अक्सर राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हैं। भारत-पाकिस्तान युद्धों से लेकर कारगिल युद्ध तक इन सैनिकों ने हमेशा भारत के सैनिक इतिहास में अग्रणी भूमिका निभाई है। लेकिन जहां सैनिक क्षेत्रों में उनकी वीरता का उत्सव मनाया जाता है, यह भी जरूरी है कि जनता की चेतना और उसके दिलों में भी इन नायकों को याद किया जाए।

म्यूरलों के माध्यम से परमवीर चक्र विजेताओं को सम्मानित करने का निर्णय सही दिशा में एक कदम है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनकी विरासत केवल इतिहास की किताबों तक सीमित न रह कर हमारे जीवन में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी। ये म्यूरल केवल सजावटी न होकर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। वे उन मेट्रो स्टेशनों की महत्वपूर्ण पहचान बनेंगे जहां से हजारों लोग रोज गुजरते हैं। अपनी जीवनचर्या में अनेक लोग इन म्यूरलों के संपर्क में आएंगे और उन नायकों को याद करेंगे जिन्होंने अतुलनीय साहस से देश की रक्षा की। नागरिकों के दैनिक जीवन में इन म्यूरलों को स्थापित करने से परमवीर चक्र विजेताओं पर लोगों का ध्यान जाएगा और उनको वह उचित सम्मान मिलेगा जिसके वे हमेशा अधिकारी रहे हैं। वीर सैनिकों का सम्मान और उनका बलिदान राष्ट्रीय गौरव एवं सुरक्षा का आधार है। उन्होंने लोकप्रियता या पहचान के बजाय कर्तव्य की गहन भावना के साथ संघर्ष किया। उनका सम्मान कर हम देशभक्ति, बलिदान और सम्मान के मूल्यों पर जोर देते हैं क्योंकि ये मूल्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। ऐसी श्रृद्धांजलि सार्वजनिक कला को शैक्षणिक आयाम भी प्रदान करती है। हो सकता है कि युवा पीढ़ी के अनेक लोग इन वीर विजेताओं के इतिहास से परिचित न हों, अत: यह गैर-परंपरागत रूप से उनकी स्मृतियों के संग्रह का प्रयास है। प्रतीकात्मकता और छवियों से समृद्ध म्यूरल शब्दों की तुलना में परमवीर चक्र विजेताओं की गाथा विजुअल तरीके से ज्यादा गहराई से प्रदर्शित कर सकते हैं। इससे वह विजुअल छवियां गहराई से मन में बस सकती हैं जो इतिहास की पाठ्य पुस्तकों से संभव न हुई हों। सार्वजनिक स्थल पर इन वीर सैनिकों का सम्मान एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इससे सैनिकों के प्रति सम्मान और अपने देश की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रकट होती है। इससे साहस और बलिदान के मूल्यों की शिक्षा मिलती है और यह सुनिश्चित होता है कि ये मूल्य भावी पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

मेट्रो स्टेशनों का प्रयोग सार्वजनिक कला के लिए करने की अवधारणा भारत में पिछले दशक में लोकप्रिय हुई है। शहरीकरण बढ़ने और मेट्रो व्यवस्थाओं के विस्तार से दिल्ली, मुंबई, बैंगलौर जैसे बड़े शहरों में अधिकारियों ने खाली पड़े स्थानों के कलात्मक परिवर्तन द्वारा उनको सांस्कृतिक स्थल बनाने का महत्व समझा है। मेट्रो म्यूरल नई अवधारणा नहीं है, लेकिन ऐतिहासिक व्यक्तियों और राष्ट्र नायकों पर उनको केन्द्रित करना हालिया परिघटना है। इसके पहले म्यूरल मुख्यत: अमूर्त कला या प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व वाले होते थे। राष्ट्र नायकों को ज्यादा स्वीकृति मिलने से यह विचार सामने आया है कि कला के माध्यम से इन नायकों को जनता की चेतना में अग्रणी स्थान दिलाया जाए। दिल्ली मेट्रो दुनिया का एक सबसे व्यस्त मेट्रो सिस्टम है और कला के माध्यम से भारत के नायकों को सम्मानित करने का उसका लंबा इतिहास भी है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित म्यूरल तथा स्वतंत्रता के पश्चात हुए युद्धों के वीर सैनिकों के म्यूरलों को हमेशा यहां महत्वपूर्ण स्थान मिला है। ये म्यूरल भारत की यह प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं कि हम कभी अपने वीर सैनिकों की स्मृतियों को भुलाएंगे नहीं।

# नक्सलवाद के अंधेरे से विकास के उजाले की ओर बस्तर

**नसीम अहमद खान**
उप संचालक, जनसंपर्क
रायपुर



छत्तीसगढ़ का बस्तर, अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रचुर वन-खनिज संपदा के लिए जाना जाता है, अब विकास की नई इबारत लिख रहा है। दशकों तक यह क्षेत्र नक्सलवाद के साये में रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर अब नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर विकास के उजाले की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बस्तर का विकास वास्तव में एक क्षेत्र विशेष की प्रगति नही, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास का प्रतीक है। नक्सलवाद के खिलाफ डटकर लड़ाई, कृषि और जैविक उत्पादों का वैश्विकरण, युवाओं का कौशल विकास, और पर्यटन-उद्योग की नई संभावनाएं बस्तर को एक नए युग की ओर ले जा रही हैं। बस्तर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश की शान बनने की राह पर है।

अभी हाल ही में हुई विकसित बस्तर की ओर परिचर्चा में बस्तर के समग्र विकास के लिए प्रस्तुत कार्ययोजना में कृषि, पर्यटन, कौशल विकास, और स्थानीय संसाधन-आधारित उद्योगों को प्राथमिकता में शामिल किया गया है। बस्तर के किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार ने कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशुपालन, और जैविक खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बस्तर के स्वदेशी और जैविक उत्पाद, जैसे कोदो, कुटकी, रागी, अब वैश्विक बाजारों में अपनी जगह बना रहे हैं। सरकार स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना, उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, और ब्रांडिंग-मार्केटिंग पर ध्यान दे रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत पिछले 15 महीनों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 365 से अधिक नक्सलियों को ढेर किया है, जबकि 1382 को गिरफ्तार और 1301 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नयी नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित, राहत-पुनर्वास नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और प्रभावित परिवारों को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ बस्तर के गांव में बुनियादी सुविधाओं का विकास बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे वृहद और सफल आयोजन वास्तव में बस्तर के लिए टर्निंग पॉइंट है। जनता की जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि लोग नक्सलवाद की विचारधारा से दूर होकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं।



बस्तर के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और नियद नेल्लानार योजना के तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अब तक 90,000 युवाओं को प्रशिक्षित और 40,000 को रोजगार प्रदान किया गया है। बस्तर में 32 नए कौशल विकास केंद्र और सातों जिलों में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना भी सरकार ने तैयार की है। नक्सल पीड़ित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों, और महिलाओं को इन योजनाओं में विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, नंदी, एनएमडीसी, और नीति आयोग जैसे संगठनों के साथ साझेदारी से प्रशिक्षण की गुणवत्ता और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं।

बस्तर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के साथ वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। चित्रकोट, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, और कुटुमसर गुफाएं पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल किया गया। सरकार इको-टूरिज्म, साहसिक पर्यटन, और होम-स्टे मॉडल को बढ़ावा दे रही है। कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज, और बस्तर पंडुम जैसे सांस्कृतिक प्रयासों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

नई औद्योगिक नीति 2024-30 में बस्तर को विशेष प्राथमिकता दी गई है। स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों, जैसे वन उपज प्रसंस्करण, खनिज-आधारित इकाइयों, और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे रोजगार और निवेश दोनों में वृद्धि होगी। बाजार और उद्योगों की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट वर्ष 2025-26 भी बस्तर के विकास को समर्पित है, जिसमें रेल, सड़क, डिजिटल कनेक्टिविटी, और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। बस्तर अब नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर विकास के उजाले की ओर बढ़ रहा है, और यह परिवर्तन छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का आधार बनेगा।

# प्रौद्योगिकी व नवाचारों का भविष्य

> दुनिया भर की कंपनियों ने मशीनरी शिपमेंट को एआर डेमो से बदलकर, इंटरैक्टिव डिस्प्ले के साथ खरीदारों को तेज़ी से जोड़कर और वर्चुअल सिमुलेशन के साथ प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित करके लागत में कटौती की है।

**संजीव डे**
(लेखक, शोधकर्ता हैं)

**भारतीय** औद्योगिक परिदृश्य में भूचाल आ गया है। जैसे-जैसे उत्पाद अधिक जटिल होते जा रहे हैं, बाजार तेजी से बदलाव की मांग कर रहे हैं और स्थिरता पर कोई समझौता नहीं किया जा रहा है, व्यवसायों को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है- लागत कम और जुड़ाव को अधिक रखते हुए प्रभावी ढंग से मूल्य का संचार कैसे करें। स्टैटिक ब्रोशर, पावरपॉइंट डेक और भौतिक प्रदर्शन जैसे पारंपरिक उपकरण तेजी से कम होते जा रहे हैं। थ्री डी उत्पाद एनीमेशन, संवर्धित वास्तविकता आभासी वास्तविकता और विस्तारित वास्तविकता जैसी इमर्सिव तकनीकें भारतीय उद्योगों के विपणन, बिक्री और प्रशिक्षण के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए आगे आ रही हैं।

भारत के औद्योगिक क्षेत्रों के तेजी से विकास ने पारंपरिक तरीकों की सीमाओं को उजागर किया है। कंपनियों को अब उत्पाद प्रदर्शनों को सरल बनाने, बिक्री चक्रों में तेजी लाने, परिचालन लागत में कटौती करने और डिजिटल जुड़ाव को बढ़ावा देने के तरीकों की आवश्यकता है। इमर्सिव तकनीकें पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए गतिशील, इंटरैक्टिव तरीके प्रदान करके इन जरूरतों को पूरा करती हैं - चाहे वह भारी-भरकम मशीन हो, अत्याधुनिक वाहन हो या उपभोक्ता जीवनशैली उत्पाद हो। इस परिवर्तन का एक बेहतरीन उदाहरण एक्सप्लोर है, जो बिज कनेक्ट द्वारा लॉन्च किया गया एक नया इमर्सिव टेक वर्टिकल है, जिसे भारतीय व्यवसायों के लिए इन अत्याधुनिक समाधानों को लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस मांग से ही विघटनकारी समाधान का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य शक्तिशाली उत्पाद कहानियों को वितरित करने के लिए थ्री डी और एक्स आर टूल का लाभ उठाकर औद्योगिक विपणन को अधिक स्मार्ट, तेज़ और अधिक टिकाऊ बनाना है। विभिन्न उद्योगों में, इमर्सिव तकनीक अद्वितीय मांगों के अनुकूल होती है और संचालन को बदल देती है। विनिर्माण और भारी इंजीनियरिंग में, जटिल मशीनरी को अक्सर आंतरिक तंत्र और वर्कफ़्लो के विस्तृत स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है। थ्री डी एनिमेशन इन पेचीदगियों को सटीकता के साथ चित्रित करते हैं, जबकि एक्स आर टूल कंपनियों को भारी भौतिक डेमो को पोर्टेबल, इंटरैक्टिव किट से बदलने की अनुमति देते हैं। लक्ष्य निर्माताओं को कॉम्पैक्ट एक्स आर आधारित समाधानों का उपयोग करके व्यापार मेलों में संपूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो दिखाने के लिए सशक्त बनाना है, जिससे महंगी शिपिंग और सेटअप की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। ऑटोमोटिव और नए मोबिलिटी सेक्टर में, यात्री कारों से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, इमर्सिव तकनीक उत्पादों को जीवंत बनाती है। थ्री डी मॉडलिंग इंजन की कार्यक्षमता या वाहन के अंदरूनी हिस्से को बिना किसी चीज को तोड़े दिखाती है, और वर्चुअल शोरूम वैश्विक प्रस्तुतियों और डीलर प्रशिक्षण को सक्षम बनाते हैं। ये इमर्सिव तकनीकें विभिन्न वाहन श्रेणियों के लिए प्रस्तुतियों को अनुकूलित करती हैं, जिससे लॉजिस्टिक चुनौतियों में कमी आती है। ऊर्जा, बिजली और बुनियादी ढाँचा कंपनियों के लिए, ट्रांसफॉर्मर या पवन टर्बाइन जैसे उपकरणों को देखना खेल को बदल देता है। एक्स आर सिमुलेशन दूर से इंस्टॉलेशन, रखरखाव और प्रदर्शन का प्रदर्शन करते हैं।

एक्सप्लोर ऊर्जा फर्मों को स्मार्ट ग्रिड या सौर संयंत्र प्रणालियों को गतिशील रूप से अनुकरण करने, बिक्री, प्रशिक्षण और यहाँ तक कि सरकारी निविदा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाकर इसका समर्थन करता है। जीवनशैली और खुदरा क्षेत्र में, कपड़ों, एक्सेसरीज़ या फ़र्नीचर के लिए एआर संचालित वर्चुअल ट्राई-ऑन खरीदारों को अपने घरों में या खुद पर उत्पाद देखने में मदद करते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है, वापसी दरों में कमी आती है और भौतिक और डिजिटल खरीदारी के बीच की खाई को पाटता है। नवाचार से परे, इमर्सिव तकनीक मापने योग्य लाभ प्रदान करती है। भौतिक डेमो और इवेंट लॉजिस्टिक्स की आवश्यकता को कम करने से माल ढुलाई, स्थापना और हैंडलिंग लागत को खत्म करते हुए खर्चों में 70 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है।

मुद्रित सामग्री और उत्पाद शिपिंग पर कम निर्भरता कार्बन फुटप्रिंट को कम करती है और हरित प्रथाओं को बढ़ावा देती है। वैश्विक स्तर पर, इमर्सिव तकनीक पहले से ही मानक अभ्यास है। जर्मनी, जापान और अमेरिका में, बीटूसी एक्सपो में थ्री डी डिस्प्ले की सुविधा है, ओईएम प्रशिक्षण के लिए वी आर का उपयोग करते हैं, और खुदरा विक्रेता ऑनलाइन खरीदारी को बढ़ाने के लिए एआर का लाभ उठाते हैं। भारत, अपने बढ़ते औद्योगिक और खुदरा क्षेत्रों के साथ, इस बदलाव के लिए तैयार है। भारतीय व्यवसाय अब इस वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, जो मार्केटिंग और प्रशिक्षण को जिम्मेदारी से आधुनिक बनाने वाले अनुकूलित इमर्सिव समाधान पेश करते हैं। इसका प्रमाण वास्तविक दुनिया के परिणामों में निहित है।

दुनिया भर की कंपनियों ने मशीनरी शिपमेंट को एआर डेमो से बदलकर, इंटरैक्टिव डिस्प्ले के साथ खरीदारों को तेज़ी से जोड़कर और वर्चुअल सिमुलेशन के साथ प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित करके लागत में कटौती की है। एक उद्योग नेता बताते हैं, हम एक्सपो में पूरी यूनिट ले जाते थे; अब, एक हेडसेट बेहतर काम करता है। इमर्सिव तकनीक न केवल भविष्य की एक झलक है, यह वर्तमान के लिए एक उपकरण है। भारतीय उद्योगों के लिए यह आत्मविश्वास के साथ बेचने, स्पष्टता के साथ प्रशिक्षण देने और रचनात्मकता के साथ संवाद करने का मौका है। इमर्सिव तकनीकों को अपनाने के साथ, भारत के पास अनुसरण करने के बजाय नेतृत्व करने के साधन हैं। थ्री डी और एक्स आर का उपयोग करके, उद्योग अब अपनी अनूठी चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकता है।

## आप की बात

### दोमुंहा पाकिस्तान

**पाकिस्तानी** रक्षा मंत्री ख्वाजा आशिफ ने एक टीवी परिचर्चा में स्वीकार कर लिया है कि हम पिछले 30 वर्षों से लगातार आतंकी तैयार कर रहे हैं। इसी तरह से लंदन में एक प्रदर्शन के दौरान उनके एक राजनयिक ने अपने उच्चायोंग की बिल्डिंग से खड़े होकर वहां मौजूद भारतीयों की ओर जिस तरह से गला काटने का इशारा किया है उससे भी पाकिस्तान का दोमुंहापन स्पष्ट हुआ है। अपनी गंदी मानसिकता का परिचय देते हुए उन्होंने एयर स्ट्राइक के नायक के पोस्टर को प्रतीकात्मक रूप से फांसी पर लटकाया। इससे सीधे-सीधे यही प्रकट होता है कि पाकिस्तानी अवस्थापना अपने देश में आतंक की फैक्ट्री को बढ़ावा दे रही है। उनके सेना प्रमुख का नफरत भरा भाषण भी सबके सामने है जिसमें वे जिन्ना की याद दिलाते हुए हिंदू-मुसलमानों को अलग-अलग कौम का नागरिक बताते हैं। पाकिस्तान के उच्च पदस्थ लोगों द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के बाद किए इन कृत्यों से स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का अंग बनाना नहीं छोड़ने वाला है। इसका कारण देश में सेना की प्रत्यक्ष या परोक्ष तानाशाही है। लेकिन सेनाध्यक्ष अब भारत की कार्रवाई से इतना भयभीत हो गए हैं कि उन्होंने अपने परिवार को सुरक्षा के नाम पर विदेश भेज दिया है।

- **एमएम राजावत,** शाजापुर

### सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** ने जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है। यह बयान औपचारिकता निभाने जैसा लगता है क्योंकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल और चिंताजनक है। जब तक चीन जैसे स्थायी सदस्य पाकिस्तान के आतंकवाद को संरक्षण देते रहेंगे तब तक ऐसे बयानों का कोई ठोस परिणाम निकलना असंभव है। चीन ने प्रस्ताव के स्वर थोड़ा हल्के कराए हैं। पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ गठजोड़ कोई नई बात नहीं है। 1990 के दशक से लेकर आज तक पाकिस्तान की धरती आतंकवादियों की पनाहगाह बनी हुई है। लश्करे तैयबा, जैशे मोहम्मद और हक्कानी नेटवर्क जैसे संगठनों को पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी-आईएसआई से प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन मिला है। भारत पर हुए हर बड़े आतंकी हमले में यह संबंध उजागर हुआ है। इतिहास से स्पष्ट है कि पाकिस्तान अपनी आतंकवादी नीतियों से पीछे नहीं हटेगा। उसे इस्लामी चरमपंथ का समर्थन अपने रणनीतिक हितों के लिए आवश्यक लगता है। इसलिए यह सोचना केवल एक भ्रम है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर आतंकवाद से तौबा कर लेगा।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जज की गिरफ्तारी

**अमेरिका** में संघीय एजेंटों ने विस्कॉन्सिन की एक न्यायाधीश सुश्री हन्ना डुगन को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक अवैध आप्रवासी को गिरफ्तारी से बचाने में मदद करने आरोप लगाते हुए सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप भी लगाया गया। इस गिरफ्तारी की घोषणा कएफबीआई निदेशक काश पटेल ने की है। हन्ना डुगन पर आरोप है कि पिछले सप्ताह गिरफ्तार किए जाने की कोशिश कर रहे मैक्सिकन व्यक्ति ने आव्रजन एजेंटों को जानबूझ कर गुमराह किया जिसे उनका संरक्षण मिला। इस प्रकरण ने अमेरिका में उथलपुथल पैदा कर दी है। विस्कॉन्सिन के डेमोक्रेट सीनेटर टैमी बाल्डविनए ने इसे गंभीरतम और कठोर कदम बताया है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली पर लगातार हमला, अदालत के आदेशों का उल्लंघन और एक कार्यरत न्यायाधीश को गिरफ्तार करना बुनियादी लोकतांत्रिक मूल्यों को खतरे में डाल रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही प्रशासनिक सुधारों तथा अमेरिका को फिर महान बनाने के नाम पर व्यापक उथलपुथल का माहौल बन गया है। लेकिन विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी जनता के बीच जा कर इस पर समुचित प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त कर पा रही है।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कांग्रेस में भ्रम

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान से युद्ध के पक्ष में नहीं है। उन्हीं के एक मंत्री कह हैं कि आतंकियों ने गोली चलाते हुए धर्म नहीं पूछा। लेकिन तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बयान दिया कि पीओके को भारत में वापस मिलाने का समय आ गया है। राहुल गांधी पहले ही आतंकवाद के खिलाफ सरकार का पूरी तरह साथ देने की घोषणा कर चुके हैं। कांग्रेस में भिन्न-भिन्न बयान देने व तुष्टिकरण करने वाले नेताओं पर आलाकमान को उचित कार्रवाई करनी चाहिए। इस समय पूरे देश में पहलगाम आतंकी हमले से भारी रोष है और सरकार को भी देश की जनता की भावना और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में कदम उठाना चाहिए। यह समय किसी भी राजनीतिक पार्टी के बयानवीरों के लिए तुच्छ राजनीति करने का नहीं है। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस में भ्रम की स्थिति स्वयं उसके तथा देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। क्या कांग्रेसी अब राष्ट्रहित के बजाय संकुचित दलगत राजनीति को वरीयता देने की सोच रहे हैं? कांग्रेस का इस मुद्दे पर एकमत होना देश के लिए जरूरी है।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# स्टार क्लब प्रो कबडडी टूर्नामेंट के समापन समारोह में योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम परपोड़ा में आयोजित स्टार क्लब प्रो कबडडी टूर्नामेंट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। योगेश तिवारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं को इस प्रकार के आयोजनों से मंच मिलता है, जिससे वे आगे चलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। समारोह के दौरान योगेश तिवारी ने विजेता टीम बिरोदा और उपविजेता टीम दारगांव को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को भी सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जनपद सदस्य नीरज राजपूत, सरपंच डॉ. फत्तेलाल साहू, मालिकराम साहू उपसरपंच, बीरेंद्र साहू, मनोज साहू, कमल साहू, राजेश सिंह राजपुत, अरविंद सिंह राजपुत, त्रिलोक राजपुत, तुमनाथ साहू, भारत निषाद, रामवतार साहू, प्रियांशु राजपूत आयोजन समिति अध्यक्ष, देवेंद्र साहू, मोहनीश निषाद, दीनू निषाद, निखिल राजपूत, अमित राजपूत, ऋतिक राजपूत, रामप्रसाद निषाद, दिनेश साहू, ज्ञानेश्वर साहू, मोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, शिवकुमार साहू, भानु साहू, हेमंत साहू, वेदप्रकाश निषाद, लायकराम साहू, अर्जुन निषाद, इंद्रपाल विश्वकर्मा, बंटी मानिकपुरी, राजेंद्र सेन, टेकराम साहू, सागर हुड्डा, तरुण साहू, एवन साहू, जूनियर साहू, हरीश साहू सहित कई गणमान्य नागरिक एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे। योगेश तिवारी की मौजूदगी ने न केवल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि खिलाड़ियों में भी नया जोश और उत्साह भर दिया।

# राइट गुरुकुल में स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित

## अंग्रेजी एवं हिंदी मीडियम के शत प्रतिशत परिणाम

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में संचालित राइट गुरुकुल हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल में स्थानीय वार्षिक परीक्षा के परिणाम विद्यार्थियों के पालको की उपस्तिथि मे जारी किये गए। स्कूल प्रबंधन द्वारा अंग्रेजी एवं हिंदी मीडियम के एक साथ परिणाम घोषित किये गए। समाजसेवी हीरेन्द्र साहू, कमल साहू, शशि पंसारी एवं संतोषी यादव सहित विद्यार्थियों के पालको की मौजूदगी में स्कूल प्रबंधन परीक्षा परिणाम की घोषणा की। कार्यालय द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक अंग्रेजी माध्यम मे कक्षा नर्सरी मे प्रथम भूमिका साहू व कुलदीप साहू 97.5 फीसदी, द्वितीय हर्षिका मानिकपुरी 93 फीसदी रहे। केजी 1 मे हर्ष साहू 98.5 फीसदी प्रथम, दिव्या पटेल द्वितीय 97 फीसदी रहे। केजी 2 मे प्रथम रोहित एवम धनंजय 99.2 फीसदी, द्वितीय काव्या व साहिल 97.6 फीसदी रहे। कक्षा वन मे 98.8 फीसदी सायन्शी सिंह एवम कल्प पंसारी प्रथम, ओजश्वी एवम वेदांत राणा द्वितीय 98 फीसदी रहे। कक्षा 2 मे रेहान्त व काव्याजली प्रथम 99.2 फीसदी रहे। पूर्वी सिन्हा द्वितीय 97.2 फीसदी रहे। कक्षा 3 मे मानसी एं पूर्वी 98 फीसदी प्रथम, श्रद्धा एं साकेत द्वितीय 97.66 फीसदी रहे। कक्षा 4 में रोहन कुमार नायक 95 फीसदी प्रथम एं कृष्णा साहू 94.6 फीसदी द्वितीय रहे। कक्षा 6 में प्रथम लावन्या ढीमर 95.16 फीसदी, द्वितीय ट्विंकल यादव 92.22 फीसदी रहे। कक्षा 7 में प्रथम गीतिका 91 फीसदी, द्वितीय रेणु व आदित्य 86.33 फीसदी रहे। कक्षा 9 में प्रथम तारन देवांगन 94.01 फीसदी, द्वितीय चंचल 89 फीसदी रहे। अंग्रेजी मीडियम का रिजल्ट शत प्रतिशत आया है। इसी प्रकार हिंदी माध्यम मे कक्षा पहली मे रागिनी रावटे 95.2 फीसदी प्रथम, दीक्षा चंद्रवंशी एवं प्रियांशु 94 फीसदी द्वितीय रहे। कक्षा दूसरी में जितेश कुमार 86.4 फीसदी प्रथम, तीसरी में प्रिया कंवर 94 फीसदी प्रथम, पूर्वी चौधरी 89.33 फीसदी द्वितीय रहे। चौथी में रुद्राक्षी नेताम 91 फीसदी प्रथम, देविका ढीमर 85 फीसदी द्वितीय रहे। 6 वी में प्रथम हिमांशु साहू 91.33 फीसदी, नैतिक साहू 90.5 फीसदी द्वितीय रहे। 7 वी में प्रणय पटेल व पियाली 91 फीसदी प्रथम, पुष्कर 86 फीसदी द्वितीय रहे। 9 वी में प्रथम निकेश पिस्दा 92.33 फीसदी, द्वितीय लखन सिंह माली 88.30 फीसदी रहे। कक्षा 11 वी बायो में पल्लवी निषाद 93 फीसदी प्रथम, मोनाली साहू 83.8 फीसदी द्वितीय रहे। 11 वी गणित में हंसिका साहू 87.2 फीसदी प्रथम तथा 11 वी कृषि में मुस्कान 82 फीसदी प्रथम रहे। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# छत्तीसगढ़ी परंपरा का जीवंत उत्सवः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बने पुतरा-पुतरी विवाह के साक्षी

## बचपन में बोई संस्कृति की बीज, अक्षय तृतीया पर बच्चों संग निभाई लोक परंपरा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



अक्षय तृतीया के अवसर पर छत्तीसगढ़ की धरती ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक विरासत की अनमोल झलक दिखाई। ग्राम खिरसाली और मोतिमपुर में आयोजित पारंपरिक पुतरा-पुतरी विवाह समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहभागिता कर इस लोक परंपरा को न केवल सम्मानित किया, बल्कि बच्चों के साथ मिलकर सांस्कृतिक चेतना को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने खुद टीकावन कर रस्में निभाई और गुड्डे-गुड़ियों के विवाह में सम्मिलित होकर अपनी सांस्कृतिक जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, अक्ती तिहार केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली परंपरा है, जो बच्चों को खेल-खेल में जीवन मूल्यों से परिचित कराती है। गीत, बारात और मंडपः बच्चों ने रचाया लोक परंपरा का जीवंत मंच इस आयोजन में बच्चों ने पूरे उत्साह से पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मंडप सजाया, बारात निकाली और विवाह की हर रस्म निभाई। कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही शर्मा पहुँचे, बच्चों ने तालियों और पारंपरिक गीतों से उनका स्वागत किया। दृश्य किसी जीवंत लोकनाटक से कम नहीं था।

### सांस्कृतिक समझ और रचनात्मकता की सराहना

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बच्चों की रचनात्मकता, रीति-रिवाजों की समझ और ग्रामीणजनों की सहभागिता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी में रोपने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

### परंपरा में सहभागिता, संस्कृति से जुड़ाव की मिसाल

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक जड़ें आज भी गहरी हैं और नई पीढ़ी इन्हें गर्व से संजो रही है।

# मरका स्वास्थ्य केंद्र पर अतिक्रमण का आरोप

## जो सही के लिए खड़ा हुआ, उसी को हटाया जा रहा, ईमानदार स्वास्थ्यकर्मियों पर स्थानांतरण की तलवार

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

एक ओर राज्य सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए योजनाएं लागू कर रही है, तो दूसरी ओर कबीरधाम जिले के मरका गांव में स्वास्थ्य केंद्र की ज़मीन पर कथित अतिक्रमण और दो महिला स्वास्थ्यकर्मियों को हटाने की कोशिशें पूरे तंत्र पर सवाल खड़े कर रही हैं।






### 10 वर्षों से सेवाएं दे रहीं महिला कर्मियों पर स्थानांतरण की साजिश

ग्राम मरका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त पूजा केशरवानी (आर.एम.ए.) और कुसुमलता धुर्वे (आर.एच.ओ. महिला) विगत दस वर्षों से स्थानीय स्तर पर 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं। दोनों स्वास्थ्यकर्मी मरका गांव में ही निवास करती हैं और आकस्मिक सेवाओं से लेकर मातृ-शिशु देखभाल तक में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभा रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाल ही में केंद्र की संस्था प्रभारी पूजा केशरवानी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की शासकीय भूमि पर एक ग्रामीण द्वारा कथित अवैध कब्ज़े की शिकायत सुशासन तिहार में की गई थी। शिकायत के कुछ ही समय बाद शिकायतकर्ता और उनके सहयोगी पर झूठी शिकायतें दायर की गईं, जिससे प्रतीत होता है कि दोनों स्वास्थ्यकर्मियों के स्थानांतरण की तैयारी चल रही है।

### आवास योजना की आड़ में शासकीय भूमि पर कब्जा

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का दुरुपयोग कर स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है। जिस भूमि का उपयोग ग्रामीणों के स्वास्थ्य हित में होना चाहिए, वह अब निजी स्वार्थ का केंद्र बन गई है। जब इसके खिलाफ आवाज़ उठाई गई, तो स्वास्थ्यकर्मियों को ही निशाना बनाया जाने लगा।

### गांव में आक्रोश, शासन-प्रशासन से न्याय की मांग

मरका गांव के सैकड़ों लोगों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि दोनों महिला स्वास्थ्यकर्मियों को यथावत मरका में पदस्थ रखा जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि ईमानदारी से सेवा देने वालों को ही परेशान किया जाएगा, तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

### राजनीतिक हलकों में गूंज, अधिकारी मौन

यह मामला अब राजनीतिक गलियारों तक पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने विधायक भावना बोहरा, जिलाधीश कबीरधाम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला आयोग और पंचायत प्रतिनिधियों तक इस मुद्दे को पहुंचाया है। परंतु, अभी तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन अनुभवी महिला कर्मचारियों का स्थानांतरण होता है, तो इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित होंगी। मरका जैसे दूरस्थ गांव में अनुभवी स्वास्थ्यकर्मियों का लगातार बने रहना आवश्यक है। इनका जाना न केवल सेवाओं में बाधा डालेगा, बल्कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य अधिकार भी प्रभावित होगा। अब देखना यह है कि प्रशासन सच्चाई के साथ खड़ा होता है या दबाव में आकर गलत को संरक्षण देता है। ग्रामीणों की एक ही मांग है ङ्क जो सच्चाई के लिए खड़ा हो, उसे सज़ा नहीं, सुरक्षा मिलनी चाहिए।

# डेम साईड की सफाई कर टूरिस्ट स्पॉट बनाने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



डौंडी मार्ग पर स्थित डेम साईड की सफाई कर टूरिस्ट स्पॉट बनाने की मांग को लेकर राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा को ज्ञापन सौपा। वाधवानी ने कहा कि दल्लीराजहरा नगर में स्थित डेम साईड जो कि काफी पुराना डेम है जहां पूर्व में यहां स्वच्छ जल भरा रहता था, जो इस क्षेत्र के निवासियों के लिए उपयोग में आता था। किन्तु बी.एस.पी. के, आयरन ओर माइंस से निकलने वाले फाइन्स से यह डेम पूरी तरह पट चुका है जिससे यहां का पानी काफी गन्दा व दूषित हो गया है, जो उपयोग के लायक भी नहीं है। इस डेम की सफाई कराने तथा इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराया जाये। जिससे यहाँ का जल क्षेत्रवासी भी उपयोग कर सकेंगे और पर्यटक भी यहां भ्रमण के लिए आयेगे। ज्ञात रहे की इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र बनाने के लिए काफी समय से नगर के लोग तथा राजहरा व्यापारी संघ मांग करते आ रहा है परंतु इस और कोई अनुकूल कार्रवाई नहीं हो पा रही है । इसलिए इस मांग को फिर से उठाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान छाया विधायक देवलाल ठाकुर, राजहरा व्यापारिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक लोहिया, प्रेम जायसवाल, अनाज किराना संघ के अध्यक्ष कैलाश छाजेड़, नागेन्द्र चौधरी ,सूजीत झा भी उपस्थित थे।

# नपं अध्यक्ष त्रिपाठी ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात, नगर में जलसंकट निवारण व विकासकार्यों पर की चर्चा



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

**डोंगरगांव नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम से नगर पंचायत डोंगरगांव के विकास कार्यों के लिए चर्चा की। विशेषकर नगर में भीषण गर्मी में जलसंकट को लेकर गहन विमर्श करते हुए जलसंकट निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की। डिप्टी सीएम से मुलाकात दरम्यान नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली और स्वच्छता जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए विशेषकर एनीकट ढहने की वजह से नगर में निर्मित जलसंकट से अवगत कराया। नपंअध्यक्ष के आग्रह पर डिप्टी सीएम द्वारा शीघ्र ही जलसंकट से निपटने आवश्यक कदम उठाने एवं विकासकार्यों के लिए आवश्यक फंड उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

# पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





भारतीय मजदूर संघ जिला बालोद ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला दहन कर निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं प्रधानमंत्री से कड़ी कार्यवाही की मांग की। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय मजदूर संघ जिला बालोद द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरोध में एवं इस हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक शांति सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान आंतकवादी समर्थक पाकिस्तान पर कड़ी कार्यवाही की मांग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से की गई, साथ ही सभी मृतकों को दीप प्रवलित कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया और पाकिस्तान के पुतले को जूते चप्पलों से मारते-पीटते पुतला जलाया गया। जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने कहा कि यह हमला सम्पूर्ण मानवता को शर्मशार करने वाला है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ और कठोर एवं निर्णायक कार्यवाही की जाए ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। भारत इस बार ऐसी कार्यवाही करें कि विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाए और फिर कभी कोई आंतकवादी संगठन इस तरह का साहस न कर सकें, पाकिस्तान की शह पर जिस तरह निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर निशाना बनाया गया है बहुत ही नीचतापूर्ण हरकत है इसलिए आज पूरा राष्ट्र देश के प्रधानमंत्री की ओर कड़ी कार्यवाही के लिए देख रहा है और हमें पूर्ण विश्वास है कि इस बार की कार्यवाही निर्णायक होंगी और देश के लोगों के अंदर जो पाकिस्तान को लेकर गुस्सा, नफरत है वह असहनीय है इसलिए ठोस कार्रवाई सरकार करें और पाकिस्तान का सफाया किया जावे। आज सरकार ने पानी बंद करने का निर्णय लिया और बहुत से अंकुश पाकिस्तान पर लगाया है वह ठीक है पर आज देश बदला चाहता है निर्दोष पर्यटकों की जान का बदला। खदान मजदूर संघ भिलाई के उपमहासचिव लखनलाल चौधरी ने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हम शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। देश की जनता अब और सहनशील नहीं रह सकती ऐसे हमलों का। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि जवाब अब शब्दों से नहीं, ठोस कार्यवाही से दिया जाना चाहिए। हम सभी शहीदों को नमन करते हैं। और देश के प्रधानमंत्री से आग्रह करते हैं जल्द ही देश की जनता के भावनाओं के अनूरूप कड़ी कार्यवाही किया जावे जिसे आंतकवादी देश पाकिस्तान हमेशा याद रखें और दोबारा ऐसा साहस न कर सके। नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि कश्मीर से 370 की धारा को हटा वहां चौमुखी विकास किया जा रहा था, जिससे वहां की जनता भी खुश थी पर इस कायराना हरकत ने फिर कश्मीर के लिए मुश्किल खड़ा कर दी है, हम सभी कार्यकर्ता आज भी राष्ट्रभक्ति की उसी भावना से प्रेरित हैं जैसे पहले थे। ऐसे आतंकी हमलों से हमारा मनोबल नहीं टूटेगा, बल्कि और दृढ़ होगा। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय मजदूर संघ यह स्पष्ट संदेश देना चाहती हैं कि देशवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा शांति की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुश्ताक अहमद, लखनलाल चौधरी, रामेश्वर साहू, मनोज दुबे, मेवालाल पटेल, सोमेश जायसवाल,संजय यादव, विनोद कुमार आरडे, महेन्द्र साहू, रजनीश जरयाल, कुमार राम ध्रुव, पी एस पटेल, अजीत मलिक, डी पी साहू, एवं झरनदल्ली के सभी सदस्य, हितकसा के सभी सदस्य, आई ओ सी एल के सभी सदस्य, राजहरा टाउनशिप के सभी सदस्य, राजहरा एवं आईओसीएल के सुरक्षा गार्ड, एवं अन्य सभी साथियों की उपस्थिति रही थी।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क

## मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने प्रयास तेज

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के संकल्प अनुसार बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की अवधारणा को साकार करने हेतु समस्त जिलों के प्रशासनिक अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क, मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने प्रयास तेज कर दिए है । अक्षय तृतीया' पर गाँव में बाल विवाह के मामलें सामने आते है। यह एक गम्भीर सामाजिक बुराई है समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है. सामान्य रूप से प्रचलित वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर अन्य वैवाहिक कार्यक्रम भी शुरु हो जाएंगे, किसी भी स्थिति में बाल विवाह न हो, यह प्रशासन के द्वारा सामुदायिक सहयोग से ही संभव है जिसके लिए कई तैयारियां की गई है। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों पत्र लिख कर कहा है कि 'अक्षय तृतीया' (30अप्रैल) के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जागरुकता फैलाई जाए।अभियान के तहत पंचायत, आंगनबाड़ी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को अधिकार सौंपे गए हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार, रैली, नुक्कड़ नाटक एवं परामर्श शिविरों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है। अक्षय तृतीया जैसे पर्वों पर बाल विवाह की परंपरा को समाप्त करने हेतु समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि ऐसे आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाए एवं किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है कि रोके गए बाल विवाहों की जानकारी एकत्र कर तत्काल विभाग को अवगत कराया जाए, जिससे अभियान की प्रभावशीलता आंकी जा सके एवं भविष्य की रणनीति तय की जा सके।

# सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सचिवालयों का नियमित रूप से हो संचालन : रोहित व्यास

## कलेक्टर ने जनपद पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों में संचालित योजनाओं एवं समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कलेक्टर ने पंचायतों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और गांव के सम्पूर्ण विकास हेतु श्हमर सुघ्घर गांवश् अभियान शुरू किए जाने हेतु चर्चा की। यह अभियान प्रतिस्पर्धी विकास के मॉडल पर कार्य करेगा। जिसमें प्रत्येक गांव के बीच विभिन्न निर्धारित बिंदुओं के आधार पर स्वच्छता, विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए पॉइंट्स दिए जाएंगे। जिसके आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामों को सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान के लिए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को अपने विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों के साथ बैठक लेकर अभियान की जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को समस्त ग्रामों के हैंडपंपों के निकट जल संरक्षण हेतु सोख्ता गड्ढा बनवाने के निर्देश दिए। मॉडल ग्राम निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने इसके लिए ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से बैठक कर उन्हें भी ग्राम कार्ययोजना निर्माण में शामिल कर गांवों का सौंदर्यीकरण भी करवाने को तथा ग्राम के सम्पूर्ण विकास की कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत अब तक योजना का लाभ लेने से वंचित लोगों को भी योजना का लाभ दिलाने एवं अधिक से अधिक समूहों का गठन कर बैंक लिंकेज कराने के निर्देश दिए। बिहान योजना का लाभ विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के शतप्रतिशत लोगों को दिलाने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी स्कूलों में शौंचालयों की बच्चों की ग्रीष्म अवकाश के दौरान ही जांच कर उन्हें कार्यशील बनाने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवास निर्माण का कार्य ग्रीष्म ऋतु के अंत तक अधिक से अधिक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास योजना में निर्देशानुरूप प्रगति ना होने पर पत्थलगांव के विकासखण्ड समन्वयक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन पंचायत भवन, उचित मूल्य दुकान, सेग्रिगेशन शेड, सामुदायिक शौंचालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि के कार्यों को वर्षा के आगमन के पूर्व अधिक से अधिक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी मृत व्यक्तियों का प्रत्येक 15 दिन में जानकारी ग्रामों से प्राप्त कर शासकीय योजनाओं एवं राशन कार्ड से उनका नाम विलोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में प्रशासन को सुदृढ करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से ग्रामीण सचिवालयों का संचालन करने के निर्देश दिए। इसकी प्रतिदिन प्रगति की जानकारी समीक्षा हेतु उन्हें प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से सामाजिक सहायता कार्यक्रमों के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता, दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी निर्माण, नशामुक्ति कार्यक्रम, समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र संचालन, दृष्टिबाधित विद्यालय संचालन आदि पर विस्तृत चर्चा की।

# समाधान शिविर की सभी तैयारियां करें सुनिश्चित

## कलेक्टर उइके ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बी.एस. उइके ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही विभागीय कार्यों का क्रियान्वयन सक्रियता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर उइके ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों की शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही विभागों को प्राप्त आवेदनों को गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने आवेदनों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अगले चरण में 05 मई से होने वाले समाधान शिविरों की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शिविरों की सभी तैयारियां समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविर स्थलों में व्यवस्थित रूप से सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। गर्मी के मौसम को देखते हुए छायेदार जगहों में ही शिविर आयोजित की जाये। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों के लिए पानी एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था की भी तैयारी सुनिश्चित कर ले। उन्होंने इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर उइके ने समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरणों अंतर्गत नामान्तरण, बटवारा, सीमांकन आदि के निराकरण की भी समीक्षा की।

साथ ही आगामी खरीफ सफल की तैयारियों के संबंध में खाद बीज की उपलब्धता, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की प्रगति, कस्टम मीलिंग एवं चावल जमा की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों, मनरेगा कार्यो एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

# छत्तीसगढ़ स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025: शिवरीनारायण की बेटी ने जीता कराते में गोल्ड मैडल

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वधान में छत्तीसगढ़ स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025 अंबिकापुर के जेल रोड में स्थित फिल्ल आनंदम स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दो दिवसीय कराते चेम्पियनशिप का आयोजन हुआ था मुख्य अतिथि के रुप मे अम्बिकापुर के माहापौर ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सहित कई वरिष्ठ जन शामिल हुए थे उनके साथ छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील चंद्रा, अविनाश सेठी,तापस बोस,नितिन सिंह, प्रतीक सोनी, डॉ दिव्या सिंह , रामु भेना दीपक घाडगे, मुरली नायर रीतेश मोदी भी शामिल रहे जिसमें छत्तीसगढ़ के 12 जिलों से लगभग दो सौ खिलाड़ीयो ने भाग लिया था और इस चैंपियनशिप में अपना शौर्य प्रदर्शन किये जिसमे सब जूनियर खिलाड़ियों के फाइट में जांजगीर जिले के शिवरीनारायण की 12 साल की बच्ची नायर ने फाइट में रायपुर के खिलाड़ी को हरा कर गोल्ड मैडल जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया और पूरे छत्तीसगढ़ में अपने माता पिता के साथ शिवरीनारायण नगर का नाम रौशन कर दिया है।

नायर वरिष्ठ पत्रकार मुरली नायर मंजू नायर की सुपुत्री हैं जो तुस्मा रोड स्थित ट्रिनिटी कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में 5 वी क्लास में पढ़ाई कर रही है उनके जीत पर स्कूल के डायरेक्टर आशीष पटेल और रोशनी पटेल सहित स्कुल व नगर के सभी लगो ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है और उनके साथ जांजगीर जिले के कई बच्चों ने काता और फाइट भाग किया और मैडल जीत कर अपने जिले और माता पिता का नाम रौशन कर दिया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

## जनदर्शन में मिले 68 आवेदन

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बी.एस. उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में 68 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम पतोरा की पुष्पा बाई कंवर ने स्पान्सरशीप योजना के तहत लाभ दिलाने, राजिम के रमेश सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए भूमि प्रदान करने, ग्राम खलियापानी के बिरझु राम ने आधार कार्ड में नाम सुधारने, ग्राम कोसमी के रोशन कंवर ने शेड निर्माण हेतु एवं पाण्डुका की लक्ष्मी सिन्हा ने भूमि सीमाकंन कराने आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर कलेक्टर उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, प्रकाश राजपूत सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सभी एसडीएम करें अधीनस्थ न्यायालयों का नियमित निरीक्षण : कलेक्टर

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी राजस्व अधिकारियों की जिला कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कलेक्टर ने पक्षकारों को पेशी की जानकारी सही समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न प्रकरणों में शासन द्वारा समय सीमा पर निपटारा करने को कहा तथा इन प्रकरणों के निपटान में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक माह में निर्धारित मानदंडों के अनुसार सभी तहसील न्यायालयों एवं उनकी सभी शाखाओं का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, डायवर्सन, खाता विभाजन, फौती नामांतरण, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा बटांकन, आधार प्रविष्टियों, किसानों का मोबाइल नम्बर अपडेट, किसान किताब आदि के लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने न्यायालयों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसडीएम ओंकार यादव, नंदजी पांडे, ऋतुराज सिंह बिसेन, तहसीलदार राजराजनपथे सहित सभी तहसीलदार ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

# सुशासन तिहार में प्रतिमा, वंदना और हेमंती के आवेदन का हुआ त्वरित निराकरण

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लोगों को लाभ मिल रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से विभागों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में पंचायत विभाग को प्राप्त आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। जनपद पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजना का लाभ अधिक से अधिक मिले सके इसके लिए अविलंब आवेदनों का निराकरण कर उनके मांगों को पूरा किया जा रहा है। लोगों द्वारा मांग पूरा होने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति अभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया है। निराकरण की कड़ी में ग्राम पंचायत रूपसेरा के प्रतिमा तिर्की, सोनपुर के वंदना एक्का को शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार झगरपुर के हेमंती मिंज को शौचालय एवं राशन कार्ड प्रदान किया गया है। आवेदक प्रतिमा तिर्की ने बताया कि उनके द्वारा सुशासन तिहार में आवेदन कर व्यक्तिगत शौचालय की मांग की गई थी। उनके आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद पंचायत के द्वारा स्वीकृति दी गई है। प्रतिमा ने बताया कि उन्होंने शौचालय निर्माण करना प्रारंभ कर दिए हैं। इसी प्रकार वंदना और हेमंती ने भी सुशासन तिहार में आवेदन देकर शौचालय और राशन कार्ड की मांग की थी। उनके आवेदनों का भी जनपद पंचायत के माध्यम से निराकरण कर शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई है और हेमंती को राशन कार्ड प्रदान किया गया है। अब हेमंती को हर माह राशन मिलेगा।

# अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे में गूंजीं खुशियों की 6 किलकारी

- तेज आंधी तूफान से हुए अंधेरे में मोबाइल की रोशनी बन गई जिंदगी की किरण, डॉक्टरों ने कराई महिला की सफल डिलीवरी

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले के अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते 24 घंटों के खुशियों की छह किलकारियां गूंजीं। ये किलकारियां सिर्फ नवजात शिशुओं की नहीं थीं, बल्कि मुश्किल हालात में उम्मीद की नई किरण भी बनीं। तेज आंधी और बारिश के कारण अस्पताल में लगातार 18 घंटे तक बिजली बाधित रही, मगर इन विषम परिस्थितियों में भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की छोटी-सी रोशनी के सहारे उन्होंने सुरक्षित प्रसव कराते हुए माँ और शिशु की जिंदगी बचाई।

सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल ने बताया कि रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान के चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। स्वास्थ्य केंद्र में सोलर सिस्टम की व्यवस्था थी, लेकिन लगातार 10 घंटे उपयोग के कारण अंतिम प्रसव के ठीक पहले ही उसकी बैटरी पूरी तरह डाउन हो गई। बिजली न होने के कारण अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर और प्रसव कक्ष अंधेरे में डूब गया। ऐसे कठिन हालात में भी डॉक्टरों और स्टाफने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट के सहारे प्रसव कराया। स्वास्थ्यकर्मियों ने पूरी सजगता और सूझबूझ के साथ प्रसव संपन्न कराया। एक हाथ में मोबाइल और दूसरे हाथ से जिंदगी को थामने की जद्दोजहद कृ यह दृश्य अस्पताल में मौजूद हर किसी के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस दौरान सीएचसी में लीलाबाई निषाद, सदराई बाई गोड़, हीरा बाई, बुनादी बाई निषाद, रूखमणी बाई और उलसो बाई टंकेश्वर गोड़ ने नवजात को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद सभी नवजात शिशु और उनकी माताएं स्वस्थ हैं। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत भारद्वाज ने बताया कि सीमित संसाधनों और अंधेरे के बीच स्टाफ ने जिस सेवा भावना और समर्पण का परिचय दिया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पांच प्रसव के बाद सोलर की बैटरी डाउन होने से अंधेरा हो गया था। यदि डॉक्टरों और नर्सों ने तत्काल मोबाइल लाइट के भरोसे प्रसव का निर्णय न लिया होता, तो महिला और उनके परिजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था। सफ्ल ऑपरेशन में लीला, खुशबू और चित्रा सिस्टर का योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में एफएलएन वारियर्स सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक गुलजार बरेठ

पायनियर संवाददाता ✓ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com




आञ्जनेय यूनिवर्सिटी काईट रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य भर से सौ शिक्षकों को एफएलएन सह नवाजतन सम्मान से सम्मानित किया गया। जांजगीर चांपा जिले से शिक्षक गुलजार बरेठ, चुन्नी देवांगन, बबीता कुर्रे, चंद्रशेखर देवांगन,पूनम कश्यप चयनित हुए। इन्हें योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर, विशिष्ट अतिथि आशुतोष चावरे उपसंचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर, सुनील मिश्रा एससीईआरटी रायपुर, बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, बेमेतरा डाइट प्राचार्य धृतलहरे सर रायपुर डाइट प्राचार्य के हाथों एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। आपको बता दे कि सर्वप्रथम गूगल फार्म के माध्यम से अपने कक्षा के बच्चो को बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चैलेंज दिया गया था। चुनौती प्राप्त करने वाले शिक्षकों को निश्चित समय में अपने विद्यार्थियों में एफएलएन के लक्ष्यों को नवाजतन पैटर्न में प्राप्त कराना था। करीबन पंद्रह सौ शिक्षकों ने चुनौती लेकर कार्य करना शुरू किया। चुनौती लेने के पश्चात बच्चो का आनलाइन आकलन किया गया। उसके पश्चात् टीम के अकादमिक सदस्यों द्वारा स्कूल पहुंचकर ऑफ लाइन आकलन किया गया। जिसमें राज्य भर से बेहतरीन प्रयास करने वाले सौ शिक्षकों का चयन किया गया जिनके बच्चो में एफएलएन के लक्ष्य प्राप्त हो चुके थे। इस तरह से उनका राज्य स्तरीय भव्य सम्मान रायपुर स्थित आञ्जनेय यूनिवर्सिटी काईट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय ने कहा कि कोई भी शिक्षक अपने द्वारा किए गए विशिष्ट व्यवहार से जाना जाता है। आशुतोष चावरे उपसंचालक लोक शिक्षण संचनालय ने कहा कि शिक्षक निरपेक्ष होकर प्रत्येक बच्चों के लिए उपलब्ध हो। अनुभव शेयर करते हुए शिक्षक गुलजार बरेठ ने कहा कि बच्चों को इक्कीसवीं सदी के अनुरूप तैयार करने के लिए हमें नवाजतन के बिंदुओं को कक्षा कक्ष में अपनाना पड़ेगा। राजकुमार जलतारे द्वारा सभी शिक्षकों को ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपेश पुरोहित और रीटा मंडल द्वारा व आभार प्रदर्शन सुमित पांडेय द्वारा किया गया।

## गौ वंश एवं पशु पक्षी संरक्षण के लिए बनी कार्य योजना

# माता-पिता परिवार के जीवित देवी देवता, जब जीने से वे निराश हों समझो, देवता आपसे रूठ गए : डॉ अशोक अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की महत्वपूर्ण नवीन सत्र के द्वितीय कार्यकारिणी की बैठक अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार के आतिथ्य में संपन्न हुई । बैठक का शुभारंभ भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने की। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों से आए लगभग 250 प्रतिनिधि जिसमें पुरुष महिला एवं युवा शामिल है द्वारा अनेक विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। स्वागत उद्बोधन में डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि आज हम यहां लगभग 25 साल पुराने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने और अब तक सफलतापूर्वक संचालित योजनाओं की समीक्षा करने के लिए एकत्रित हुए हैं, आगे उन्होंने कहा कि, माता-पिता परिवार के जीवित देवी देवता हैं, जब जीने से वे निराश हों जाए, समझो कि, देवता आपसे रूठ गए, अब घर से खुशियों के जाने का समय आ गया है। इसलिए सेवा को अपना परम धर्म समझने वाले समाज के युवा साथियों से आवाहन करता हूं कि, वह समाज सेवा के साथ-साथ माता-पिता की सेवा को अपना परम धर्म समझे। प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने कार्यकारिणी सभा का संचालन करते हुए, पिछली बैठक की कार्यवाही की सभासदों से पुष्टि कराई, महामंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया एवं प्रांतीय प्रचार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रांतीय सदस्यों को रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के अनेक अस्पतालों में छूट का लाभ प्राप्त हो रहा है। मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया ने आयोग के संदर्भ में हुई गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 716 सामान्य बच्चों एवं 150 विधवा - विधुर व्यक्तियों के विवाह संबंध इस ग्रुप के माध्यम से संपन्न हुए हैं। समाज द्वारा निःशुल्क 11 मंगल परिणय ग्रुप का संचालन किया जाता है। अग्र अलंकरण आयोग की संयोजिका डॉ अनिता अग्रवाल ने आयोग के संदर्भ में विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराते हुए आगामी जून-जुलाई माह में अग्र अलंकरण समारोह आयोजित करने की जानकारी दी। गौ सेवा, पशु पसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के गोपाल सुल्तानिया एवं गूंजा सुल्तानिया ने गौ धन की सेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि गौ सेवा बहुत बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पशु पक्षीओ को जल एवं दाना देने का अभियान हाथ में लिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा बर्ड फीडर बनाया गया है जो मामूली शुल्क में उपलब्ध है , इसे कोई भी व्यक्ति अपने घर के बालकनी इत्यादि में लगा सकता है। उन्होंने प्रकृति की सुरक्षा के लिए पशु पकी सुरक्षा की बात कही । अग्र पंचायत समिति के संदर्भ में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने कहा कि आपसी पारिवारिक विवाद, वैवाहिक विवाद, घरेलू समस्याएं न्यायालयों से नहीं सुलझाई जा सकती है। पहले समय में समाज के मुखिया इस प्रकार के विवादों को दोनों पक्षों को आपस में बैठाकर हल निकाला करते थे। न्यायालय के फैसले से एक पक्ष खुश होता था वहीं दूसरा पक्ष दुखी होता था। पंचायत के माध्यम से सुलझाए गए मामले में दोनों पक्ष खुश होते है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने 21 सदस्यीय प्रांत स्तरीय अग्र पंचायत समिति की घोषणा की। संस्था के चेयरमेन अशोक मोदी कोरबा, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि, सदस्यता अभियान आयोग के संयोजक सुरेश मंगल एवं विनोद अग्रवाल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात कन्या विवाह योजना की विस्तृत जानकारी संयोजक दीनदयाल अग्रवाल एवं शोभा केडिया ने देते हुए बताया कि फुलेरा दूज को रायपुर में सनातन धर्म को मानने वाले 51 जोड़ो का निःशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न किया गया। सभी जोड़ो को अलग अलग लगभग 70 हजार रुपए की घरेलू उपयोग में आने वाली सामग्री एवं बिदाई में नगद राशि दी गई। इस आयोजन से प्रभावित होकर बसना सरायपाली क्षेत्र समाज द्वारा 21 जोड़ो का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। यहां भी सभी जोड़ो को घरेलू सामग्री भेंट की गई। वरिष्ठ नागरिको की चौपाल के संयोजक विष्णु गोयल, अनीता अशोक अग्रवाल एवं हरीश अग्रवाल ने जानकारी दी कि 60 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों के लिए माह में एक बार सामाजिक भवन में चौपाल कार्यक्रम के तहत खेल, गीत - संगीत, नृत्य, हाऊजी, जलपान इत्यादि की व्यवस्था रखी जाए। अनीता अशोक अग्रवाल ने बताया कि अभी अशोका रत्न सोसायटी में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें आए हुए बुजुर्ग खुश होकर अपने घर जाते है। पूरे प्रदेश में ऐसे अभियान प्रारंभ किए जाने की तैयारी है। प्रचार प्रसार, मीडिया आयोग की जानकारी अशोक लोहिया एवं लक्ष्मण लोहिया ने दी। लक्ष्मण लोहिया को पूरे प्रदेश के अग्रवाल पत्रकारों को एकत्रित करने की जवाबदारी देते हुए, उन्हें शीघ्र ही पत्रकार बंधुओ का एक बृहद सम्मेलन बुलाने जवाबदारी दी गई। अशोक लोहिया को पूर्व में संगठन द्वारा अग्र विभूति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था उन्हें पुनः मंच से अग्र रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अधिवक्ता राजेंद्र अग्रवाल ने आरोग्यम हेतु किचन, क्यारी, बाड़ी से रोग मुक्ति के उपाय की जानकारी साझा की । विहंगम योग साधना के संदर्भ में उमेश अग्रवाल ने रूपरेखा प्रस्तुत की । महिला संगठन की अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, चेयरमेंन हेमलता मित्तल दुर्ग, प्रांतीय महिला महामंत्री निधि अग्रवाल ने पहली बैठक के पश्चात अभी तक हुए।

# गर्मियों में इस तरह बनाएं मखाना रायता, स्वाद और सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद



मखाना खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसे अंग्रेजी में फॉक्स नट के नाम से जाना जाता है. मखाना कमल के बीजों से बनता है और यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है. इसे स्थानीय भाषा में मखाना कहते हैं. कई लोग इसके नाम से भी परिचित नहीं होंगे, लेकिन यह कई गुणों से भरपूर होता है. यह कई देशों में भी लोकप्रिय है. मखाना वजन कम करने में खा, भूमिका निभाता है, इसके अलावा यह ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में भी खास भूमिका निभाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें मौजूद प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट और मिनरल्स शरीर के लिए बहुत लाभकारी होते हैं. 2017 में जर्नल ऑफ फूड साइंस में प्रकाशित % मखाना (यूरीएल फेरोक्स सेलिसब) का पोषण और फाइटोकेमिकल विश्लेषण शीर्षक वाले एक अध्ययन में भी यह बात सामने आई थी.

वैसे तो मखाने को आप अपने डाइट में कई तरह से शामिल कर सकते हैं, लेकिन गर्मियों में इसका रायता बनाकर खाना न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. गर्मियां शुरू होते ही हर कोई दही को किसी न किसी रूप में अपनी रोजाना आहार में शामिल कर लेता है. बता दें, गर्म मौसम में दही शरीर को हेल्दी रखने में बहुत मददगार होता है, वहीं मखाने के फायदों को कौन नहीं जानता है, ऐसे में अगर मखाना और दही का कॉम्बिनेशन एक ही रेसिपी में मिल जाए तो क्या ही कहना.

मखाना का रायता बनाने के लिए सामग्री

1 कप दही

2 कप मखाना

1 छोटा चम्मच रायता मसाला

स्वादानुसार लाल मिर्च पाउडर

1 छोटा चम्मच चाट मसाला

1 छोटा चम्मच गरम मसाला

1 चम्मच देसी घी

बारीक कटा हुआ धनिया 1 चम्मच

स्वादानुसार नमक

बनाने की विधी

मखाना का रायता बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन लें और मध्यम आंच पर गर्म करें. फिर इसमें एक चम्मच देसी घी डालकर थोड़ा गर्म होने पर इसमें मखाने डालकर भूनें. जब मखानों का रंग हल्का सुनहरा हो जाए तो गैस बंद कर दें और मखानों को एक प्लेट में निकाल कर अलग रख लें. जब मखाने ठंडे हो जाएं तो इन्हें मिक्सर में डालकर दरदरा कर पीस लें. अब एक बर्तन लें और इसमें दही डालकर अच्छे से फेंट लें. आप चाहें तो दही को मिक्सर ग्राइंडर में डालकर भी फेंट सकते हैं. जब दही अच्छे से मिक्स हो जाए तो इसमें चाट मसाला, गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, रायता मसाला और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छें से मिला लें. अब इसमें में दरदरा पिसा हुआ मखाना डालकर मिला लें. यदि रायता बनने के बाद गाढ़ा लग रहा हो तो इसमें अपनी जरूरत के हिसाब से पानी मिला लें. आपका स्वादिष्ट मखाना रायता बनकर तैयार है. अब इसे हरा धनिया डालकर गार्निश करें और सर्व करें.

## गर्मियों में बढ़ जाती है पेट खराब होने की समस्या, डाइट में शामिल करें ये चीजें, मिलेगी राहत

गलत जीवनशैली और खानपान के कारण लोग कई स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो रहे हैं. इनमें पेट से संबंधित समस्याएं भी शामिल हैं. पेट से संबंधित समस्याओं के दौरान आपको कब्ज, बवासीर और दस्त का सामना करना पड़ सकता है. इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल कर सकते हैं, जो पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत दिलाने में आपकी मदद करेंगी. डॉ. चैताली राठौड़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए डाइट में कुछ खास चीजों को शामिल करने की सलाह दी है.

पेट से संबंधित समस्याओं से राहत पाने के लिए आहार

गरम पानी- दिनभर गर्म पानी पीने से पेट की समस्याओं और कब्ज से राहत मिलती है.

धनिये के बीज- धनिया की तासीर प्राकृतिक रूप से ठंडी होती है धनिया के बीज पेट और एसिडिटी की समस्याओं को रोकते हैं.

अदरक- अपने आहार में अदरक को शामिल करें। इससे पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है.

गाय का घी- अपने भोजन में 1 बड़ा चम्मच गाय का घी मिलाएं। इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है.

पुदीने की चाय- वात और पित्त दोषों को संतुलित करने के लिए दिन में एक या दो बार पुदीने की चाय पिएं। पुदीने की पत्तियों को 1 कप पानी में उबालें। आप पुदीने की पत्तियों को चबाकर या छानकर भी भोजन से पहले पी सकते हैं.

मूंग की दाल- हरी मूंग दाल प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है. इसे अपने आहार में शामिल करके आप पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं.

अंजीर- भीगे हुए अंजीर कब्ज और हाइपरएसिडिटी से राहत दिला सकते हैं.

काला नमक- काला नमक गैस, सूजन और भूख जैसी समस्याओं में सुधार करता है.

अनार- अनार में कई पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ होते हैं। मीठा अनार पाचन में सहायता करता है, आयरन बढ़ाता है, और हार्मोनल स्वास्थ्य में मदद करता है.

गुलकंद- गुलकंद आईबीएस, कब्ज, हाइपरएसिडिटी और बांझपन में मदद करता है। इसके साथ ही गुलकंद पित्त और वात दोषों को संतुलित करता है. सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसे दिन में दो बार 1-2 चम्मच लें.





# चेहरे पर पार्लर जैसा निखार लाने के लिए काफी है सिर्फ एक टमाटर, ऐसे करें इस्तेमाल



आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि टमाटर कई कारणों से एक सुपरफूड है. यह न केवल आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी चमत्कारी है. टमाटर उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना अधिक पैसे खर्च किए बहुत आसानी से सुंदर और आकर्षक दिखना चाहते हैं. टमाटर में चेहरे की चमक बढ़ाने और त्वचा की कई समस्याओं को ठीक करने की क्षमता होती है. इसमें विटामिन ए, सी और के भरपूर मात्रा में होते हैं. ये विटामिन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.

आपको बता दें, टमाटर में ऐसी खटास होती है जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मददगार होती है और मुंहासों के इलाज में मदद करती है. टमाटर का इस्तेमाल हेल्दी स्किन सेल्स को प्रदूषित करने वाले फ्री रेडिकल्स को हटाने के लिए भी किया जा सकता है. बहुत से लोग अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण त्वचा की देखभाल पर ध्यान नहीं देते हैं. ऐसे लोगों के लिए घर पर टमाटर का फेस पैक बनाना बहुत आसान है. चेहरे पर काले धब्बे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने के लिए यह एक बेहतर उपाय है. टमाटर स्किन को जवां बनाए रखने में भी कारगर है. इस बारे में स्किन एक्सपर्ट ने कुछ खास टिप्स बताए हैं.

इसके लिए सबसे पहले एक ताजे टमाटर को आधा काट लें और फिर इसे अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें. 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें. ऐसा करने से स्किन पिगमेंटेशन दूर करने में मदद मिलेगी.

दूसरा तरीका यह है कि एक टमाटर लें और उसे अच्छी तरह से मैश करें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं. 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें. यह मुहांसों को रोकने के लिए एक बेहतरीन मास्क है.

वहीं, तीसरा तरीका यह है कि 2 से 3 चम्मच टमाटर की प्यूरी लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस डालें और मिला लें. अब इस मिश्रण को त्वचा पर लगाकर 10 से 15 मिनट बाद धो लें. यह स्किन पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन को हटाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करेगा.

चौथा तरीका यह है कि एक टमाटर को पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें. इसमें आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें. यह मास्क त्वचा की सूजन और रंग परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है. यह सूर्य की रोशनी से होने वाली त्वचा की क्षति की मरम्मत में भी मदद करेगा.

पांचवा तरीका यह है कि एक टमाटर को आधा काटें और उसपर थोड़ा चीनी छिड़क दें. आप इसका उपयोग अपने चेहरे और गर्दन पर तीन मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करने के लिए कर सकते हैं. फिर इसे ठंडे पानी से धो लें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाने और त्वचा को नरम बनाने के लिए सबसे अच्छा है. ऐसा करना भी चेहरे की चमक बढ़ाने में कारगर है.

## बहुत ज्यादा टेंशन होने पर कैसे करें मन शांत, जानिए काम आने वाले 5 तरीके

रोजाना के बिजी शेड्यूल की वजह से ज्यादा तर लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते। भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग तनावग्रस्त हैं। तनाव की वजह से मन अशांत रहता है और बड़े फैसले लेना मुश्किल होता है। टेंशन के बीच मन को शांत रखना सरल काम नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। छोटे-छोटे तरीकों को अपनाकर आप टेंशन में भी मन को शांत रख सकते हैं।

गहरी सांस लेना

अपनी नाक से गहरी सांस लें और फिर कुछ सेकंड के लिए रोककर रखें बाद में अपने मुंह से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। ऐसा करते समय अपनी सांस की अनुभूति पर ध्यान केंद्रित करें।

माइंडफुलनेस प्रेक्टिस आएगी काम

अपने आस-पास के माहौल और शरीर की संवेदनाओं पर ध्यान दें। आप 5-4-3-2-1 तकनीक को आजमा सकते हैं। इसके लिए 5 ऐसी चीजें पहचानें जिन्हें आप देख सकते हैं, 4 ऐसी चीजें जिन्हें आप छू सकते हैं, 3 ऐसी चीजें जिन्हें आप सुन सकते हैं, 2 ऐसी चीजें जिन्हें आप सूंघ सकते हैं और 1 ऐसी चीज जिसे आप चख सकते हैं।

टहलने से मिलेगी मदद

टेंशन के बीच मन को शांत रखने का सबसे अच्छा तरीका है कुछ मिनटों के लिए बाहर निकलें और वॉक करें। इस दौरान अपने आस-पास के वातावरण पर ध्यान केंद्रित करें।

शांत करने वाले म्यूजिक को सुनें

बहुत ज्यादा टेंशन के बीच ऐसा करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर आप गलत फैसले लेने से बचना चाहते हैं तो मन शांत करने के लिए शांत करने वाले म्यूजिक को सुनें। म्यूजिक हृदय गति और ब्लडप्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है।

च्युइंग गम आएगी काम

बहुत से लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं लेकिन स्ट्रेस के बीच मन शांत करने में ये आपकी मदद कर सकती है। जब भी आपको तनाव महसूस हो तो च्युइंग गम चबाना शुरू कर दें। दरअसल च्युइंग गम चबाने से तनाव से जुड़े हार्मोन कोर्टिसोल के लेवल को कम करने में मदद मिलती है, जिससे यह तनाव को जल्दी से मैनेज करने में मदद करता है।

## बिना एक बूंद तेल डाले सिर्फ 10 मिनट में बनाएं ये तीखी और स्वादिष्ट चटनी

**अक्सर ऐसा होता है कि हमारे पास सब्जी का ऑप्शन नहीं होता या सब्जी बनाने का समय नहीं होता, ऐसे में महिलाओं के सामने सवाल होता है कि अब किचन का क्या करें. ऐसे मौकों पर ज्यादातर घरों में आटे या दाल से बनी चीजें बनती हैं. लेकिन आज हम आपके लिए एक अलग ऑप्शन लेकर आए हैं. अगर आपके घर में सब्जी का ऑप्शन नहीं है तो आप ये रेसिपी ट्राई कर सकती हैं.**

चटनी बनाने की सामग्री हर किसी के घर में मौजूद होती है. कुछ लोग मिक्सी में पीसकर किसी तरह की चटनी बना लेते हैं या फिर कई तरह की सामग्री और तेल मिलाकर चटनी बना लेते हैं. लेकिन एक ऐसी चटनी भी है जो बिना तेल के बनती है. इसके लिए आपको चूल्हा जलाने की भी जरूरत नहीं है. इसके अलावा इस चटनी को बनाने में ज्यादा मेहनत भी नहीं लगती. ये स्वादिष्ट चटनी बहुत कम सामग्री और बहुत कम समय में बनकर तैयार हो जाती है.



आइए जानते हैं 10 मिनट में बनने वाली प्याज और मिर्च की चटनी बनाने की विधि...

प्याज हरी मिर्च चटनी के लिए आवश्यक सामग्री

हरी मिर्च - 10 से 12

बड़े प्याज - 1

जीरा - 1 छोटा चम्मच

इमली - आवश्यकता अनुसार

छिली हुई लहसुन की कलियां - 10

धनिया पत्ती - आवश्यकता अनुसार

नमक - स्वाद अनुसार

बनाने की विधि

ऐसी मोटी हरी मिर्च चुनें जो आपके द्वारा प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली गहरी हरी मिर्च की तुलना में कम हरी हो। क्योंकि मोटी मिर्च पतली मिर्च की तुलना में कम तीखी होती है.

अब मिर्च को बारीक काट लें.

यदि आप चटनी को तीखा बनाना चाहते हैं तो आप इसमें दो या तीन गहरे हरे मिर्च भी डाल सकते हैं.

इमली के टुकड़े लें और उन्हें एक कटोरे में भिगो दें.

लहसुन की कलियां छीलकर अलग रख दें.

अब एक बड़ा प्याज लें और उसे मध्यम आकार के टुकड़ों में काट लें.

फिर उपरोक्त सभी सामग्री को एक कटोरे में डालें और इसमें एक चम्मच जीरा डालें.

इस मिश्रण में भिगोई हुई इमली का पानी डालें और अच्छी तरह मिला लें.

इस मिश्रण को मिक्सर में पीस लें, लेकिन ध्यान रखें कि आपको पूरा थोड़ा दरदरा पीसना है या फिर आपको पास कूटने के लिए ओखली और मूसल सेट है तो उसमें अच्छे से कूट लें

चटनी अगर मोटी होगी तो ही खाने पर उसका स्वाद बेहद अच्छा लगेगा.

अब स्वादिष्ट चटनी तैयार है.

इस चटनी को आप रोटी या गरम चावल के साथ खा सकते हैं.

# अंडर 16 कोरबा जिला क्रिकेट टीम प्लेट ग्रुप में बना चैंपियन, एलीट ग्रुप में प्रवेश

**कोरबा के उभरते जूनियर खिलाड़ी लोवकेश यादव, रितेश सारथी, भावेश दुबे, मनन देवांगन, श्रीदीप राय**





पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ सीएससीएस द्वारा आयोजित 8 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 सत्र का इंटर डिस्ट्रीक्ट अंडर 16 पुरुष वर्ग का दो दिवसीय टेस्ट मैचों की प्रतियोगिता में कोरबा जिला क्रिकेट एसोसिएशन केडीसीए का शानदार प्रदर्शन रहा। कोरबा जिला ने अपना पहला मैच बिलासपुर ब्लू जिला क्रिकेट संघ से सेरसा क्रिकेट ग्राउंड में इनिंग लीड से जीता व दूसरा मैच भी सेरसा ग्राउंड में सरगुजा क्रिकेट संघ से पहला इनिंग से जीता और 14 अंक के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं सेमीफाइनल मैच कांकेर क्रिकेट ग्राउंड में बस्तर जिला क्रिकेट संघ से खेला जिसमें कोरबा जिला क्रिकेट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 ओवर में दस विकेट खो कर विशाल 318 रन बनाए। जिसमें कोरबा के बल्लेबाज रितेश सारथी ने 180 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में बस्तर कि टीम ने 57 ओवर में सभी विकेट खो कर मात्र 140 रन बना सकी कोरबा जिला क्रिकेट टीम ने यह सेमीफाइनल पारी से जीत लिया। और प्लेट ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त कर एलीट ग्रुप में प्रवेश किया। कोरबा टीम से लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज भावेश दुबे ने सर्वाधिक 17 विकेट लिया। वहीं बल्लेबाजी में रितेश सारथी ने सर्वाधिक रन बनाए। कोरबा टीम के मैनेजर विशाल दुबे कोच अनिल प्रजापति रहे उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले की अंडर 14 भी जनवरी माह में फाइनल खेली थी एवं अप्रैल माह में 16 कोरबा टीम फाइनल खेली यह जूनियर क्रिकेट की उपलब्धियां काफी सराहनीय है। एलीट ग्रुप के आगामी मैच 1 मई से भिलाई में आयोजित होगा। कोरबा एसोसिएशन के बीबी साहू, जीत सिंग, अखिलेश, सी एल यादव, अजय राव, महेश ने जिले के खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

## महापौर और सभापति ने भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया महापर्व की दी अग्रिम शुभकामनायें

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने सभी नगरवासियों को सम्पूर्ण विप्र समाज के आराध्य देवता भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के महापर्व 30 अप्रैल बुधवार के पावन अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को स्वच्छ, सुन्दर, हरित, विकसित और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु भगवान श्री परशुराम के दिव्य श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है। महापौर और सभापति ने कहा कि सम्पूर्ण विप्र समाज के आराध्य देवता भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर विशेष आराधना का महापर्व अक्षय तृतीया का पावन अवसर सभी नागरिकों को अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्राप्त करने का एक श्रेष्ठ सुअवसर प्रदान करता है। नगर निगम महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के अंतर्गत सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर नगर के हित में स्वच्छता एप्प डाउनलोड कर मोबाइल पर स्वच्छता फीडबैक देने और अपने विवाह का पंजीयन करवाने की सभी विवाहित नागरिकों से विनम्र अपील की है।

# पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया सहित सभी 26 दिवंगत आत्माओं को महापौर, सभापति ने दी श्रद्धांजलि





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर के जीईमार्ग में रजबंधा मैदान में शहीद स्मारक भवन के प्रवेश द्वार पर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने विगत 26 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में दिवंगत समता कॉलोनी रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया सहित सभी 26 दिवंगत आत्माओं को समस्त राजधानीवासियों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आदरांजलि अर्पित की। विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक के पूर्व शहीद स्मारक भवन में नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, निगम नेता प्रतिपक्ष सन्दीप साहू, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों, प्रिंट ओर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया सहित सभी 26 दिवंगत आत्माओं के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शहीद स्मारक भवन के सभागार में विशेष सामन्य सम्मिलन की बैठक के पूर्व मंच से आसन्दी से नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने विगत 26 अप्रैल को आतंकी हमले में दिवंगत रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया सहित सभी 26 दिवंगत आत्माओं को सामूहिक मौन श्रद्धांजलि देने नगर निगम सदन के समक्ष प्रस्ताव का पठन किया। सभापति सूर्यकान्त राठौड़, महापौर मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष सन्दीप साहू, आयुक्त विश्वदीप, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षदों, नगर अधिकारियों, प्रिंट ओर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने दो मिनट की सामूहिक मौन श्रदांजलि पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत सभी 26 दिवंगत आत्माओं को दी।

# पंकज शर्मा ने शासन से पेयजल स्रोतो की सफाई कराने एवं क्लोरोनेशन कराये जाने की मांग की





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने व्ही.आई.पी. रोड स्थित ग्राम टेमरी का सघन दौरा कर डायरिया के प्रकोप से पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होने आगे बताया कि डायरिया के मरीजो की संख्या में बढोतरी न हो इसके लिये स्वास्थ्य विभाग की टीम शिविर लगाकर पीड़ितो का ईलाज कर रहीं है तथा लोगो को समझाइश भी दे रहीं है। पंकज शर्मा ने पीड़ित परिवार के लोगो से मुलाकात कर उन्हें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, उबले हुये पानी का उपयोग करने, ताजा एवं गर्म भोजन खाने, बीमारी की स्थिति में झोला छाप डाक्टर एवं झाड-फूंक से ईलाज करने से बचने एवं खुले में शौच न करने की सलाह देते हुये उन्हें शिविर अथवा नजदीकी सरकारी अस्पताल में ईलाज कराने की सलाह दी है। उन्होने शिविर में उपस्थित चिकित्साकर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुये आमलोगो को डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिये जागरूक करने की अपील की। पंकज शर्मा ने शासन से पेयजल स्त्रोतो की सफाई कराने एवं क्लोरोनेशन कराये जाने की मांग की है।

# नगर निगम रायपुर के सामान्य सम्मिलन बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव में समर्थन का सर्वानुमति से अनुमोदन

**शहीद स्मारक भवन में एक राष्ट्र एक चुनाव पर उकेरी सुन्दर रंगोली रही आकर्षण का केन्द्र**





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव के समर्थन में अनुमोदनार्थ प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत इसे नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ द्वारा आसंदी से सदन में उपस्थित सभी सदस्य पार्षदों के समर्थन से सर्वानुमति से पारित घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर नगर निगम सदन में सभापति सूर्यकान्त राठौड़, महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, नगर निगम में सत्ता पक्ष के सभी पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों, प्रिंट ओर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही.शहीद स्मारक भवन के प्रवेश द्वार पर सामान्य सम्मिलन की बैठक के विषय एक राष्ट्र एक चुनाव पर उकेरी गयी सुन्दर रंगोली आकर्षण का केन्द्र रही।

# आईडीबीआई बैंक लिमिटेड - क्यू4 और एफवाय 2025 के लिए वित्तीय परिणाम

IDBI BANK

- **आईडीबीआई बैंक ने वायटीडी आधार (12 महीने) पर लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीबीआई बैंक ने क्यू4 एफवाय 25 के लिए अपने परिणाम जारी किए। क्यू4 एफवाय 25 में शुद्ध लाभ 26% वायओवाय की मजबूत वृद्धि के साथ 2,051 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 3,195 करोड़ रहा। एनआईएम 4% दर्ज की गई, और शुद्ध ब्याज आय 3,290 करोड़ रही। क्यू4-2025 के लिए कॉस्ट ऑफ डिपॉजिट 4.83% थी, जो क्यू4-2024 में 4.48% थी। क्यूआरएआर 279 बीपीएस की वायओवाय वृद्धि के साथ 25.05% रहा।

संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) क्यू4-2024 में 1.82% के मुकाबले क्यू4-2025 में 29 बीपीएस बढ़कर 2.11% हो गया। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.40% रहा, (65 बीपीएस की वायओवाय वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 31 मार्च 2024 को 0.34% से घटकर 0.15% हो गया। सकल एनपीए 31 मार्च 2024 को 4.53% से घटकर 2.98% हो गया। पीसीआर 31 मार्च 2024 को 99.09% के मुकाबले 99.48% रहा।

# एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर: बच्चों के सपनों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया ठोस कदम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

25 YEARS Protecting Lives, Securing Future | SBI Life Apne liye. Apno ke liye.

बच्चे सपने उसी समय से देखने लगते हैं जब उनके हाथ में क्रेयॉन आते हैं, आश्चर्य से भरी कहानी की किताबें आती हैं और सितारों के प्रति आकर्षण पैदा होता है। जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, ये सपने आकार लेने लगते हैं, जैसे किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में पढ़ना चाहते हैं, कोई उद्यम शुरू करना चाहते हैं, या फिर खेल या संगीत में जुनून के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन इन आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच एक कड़वी सच्चाई भी है और वह इन अवसरों को हासिल करने से जुड़ी बढ़ती लागत। इसके बारे में बच्चे को शायद पता न हो लेकिन अभिभावक के रूप में हमें इस बढ़ती लागत का पता होना चाहिए। इन अवसरों की आपके बच्चे के भविष्य में निर्णायक भूमिका होती है। पिछले दशक में उच्च शिक्षा के खर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पढ़ाई से अलग गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन और कौशल-निर्माण कार्यक्रमों की लागत भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। शिक्षा की लागत बढ़ रही है और जीवन की अनिश्चितता भी, ऐसे में माता-पिता के रूप में हमारे लिए बच्चों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। बच्चों की आकांक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं और माता-पिता को बगैर किसी वित्तीय बोझ के बच्चे की महत्वाकांक्षा का समर्थन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस लिहाज़ से व्यवस्थित वित्तीय नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका है, और बाल बीमा योजनाएं एक रणनीतिक समाधान के रूप में सामने आती हैं जो माता-पिता को बच्चे की आकांक्षाओं को पूरा करने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने के दौरान उन्हें मुक्त होने में मदद करती हैं। एसबीआई लाइफ अभिभावकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर पेश कर रही है, जो एक व्यापक जीवन बीमा बचत उत्पाद है जिसे माता-पिता को अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह योजना एक व्यक्तिगत, गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाला जीवन बीमा बचत उत्पाद है जो परिपक्वता पर गारंटीशुदा लाभ सुनिश्चित करता है और बच्चे के जीवन में महत्वपूर्ण मौकों पर वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर के साथ, माता-पिता वित्तीय परेशानी के तनाव से मुक्त होकर अपने बच्चे के भविष्य की योजना आत्मविश्वास से बना सकते हैं। यह योजना सुरक्षा और अनुशासित बचत दृष्टिकोण दोनों प्रदान करती है, जिससे माता-पिता को समय के साथ पर्याप्त धन संचय करने में मदद मिलती है। चाहे उच्च शिक्षा, उद्यमशीलता के उपक्रम या व्यक्तिगत आकांक्षाओं के लिए, यह योजना एक मज़बूत वित्तीय कुशन के रूप में काम करती है, जो बच्चे की मुक्ति की यात्रा के हर चरण का समर्थन करती है। प्रतिभा, जुनून और कड़ी मेहनत की बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं वित्तीय स्थिरता उनके सपनों को पूरा करने में मदद करती है। वित्तीय नियोजन केवल वर्तमान को सुरक्षित करने से ही नहीं बल्कि यह एक ऐसी बुनियाद तैयार करने से जुड़ा है जो बच्चे को निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करने में मदद करता है। एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर सिर्फ बीमा योजना भर नहीं है, यह बच्चे को अपनी असीम क्षमता के अनुसार उपलब्धियां हासिल करने में मदद करती है और यह सुनिश्चित करती है कि उनके सपने बगैर किसी वित्तीय बाधा के उड़ान भर सकें।

### एसबीआई लाइफ – स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर की मुख्य विशेषताएं

**गारंटीशुदा मैच्योरिटी बेनिफिट:** शिक्षा, करियर, विवाह आदि जैसे जीवन के प्रमुख लक्ष्यों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।


**लचीले मैच्योरिटी भुगतान विकल्प:** माता-पिता एकमुश्त या सात साल तक की अवधि में किश्तों में मैच्योरिटी लाभ प्राप्त करना चुन सकते हैं, जिससे उन्हें अधिक वित्तीय लचीलापन मिलता है।

प्रस्तावक की मृत्यु या आकस्मिक पूर्ण स्थायी विकलांगता पर प्रीमियम लाभ की अंतर्निहित छूट, वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है

**जोखिम-मुक्त बचत दृष्टिकोण:** उन माता-पिता की ज़रूरतों को पूरा करना जो गारंटीशुदा रिटर्न पसंद करते हैं

# सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स2, बड्स 2 प्लस, और बड्स 2ए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने चार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्यू1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेज़ी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेज़ी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरक़रार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाज़ार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है। सीएमएफ फोन 2 प्रो सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ थ्री-कैमरा सिस्टम, चमकदार डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन से युक्त सीएमएफ फोन प्रो रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहतरीन स्मार्टफोन है। 7.8 एमएम की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वज़न के साथ यह नथिंग द्वारा डिज़ाइन किया गया अब तक का सबसे स्लिम और सबसे लाईटवेट स्मार्टफोन है। सीएमएफ फोन 1 की तुलना 5 फीसदी पतला यह फोन चार रंगों में उपलब्ध हैः व्हाईट, ब्लैक, ओरेंज और लाईट ग्रीन, हर कलर इसे अनूठी फिनिश एवं शानदार टेक्सचर देता है। सीएमएफ फोन प्रो आधुनिक थ्री-कैमरा सिस्टम के साथ आता है, इसका 50 एमपी मेन कैमरा सीएमएफ फोन 1 की तुलना में 64 फीसदी अधिक लाईट कैप्चर करता है। दूर से तस्वीर खींचने के लिए, सेगमेन्ट में पहली बार 50एमपी टेलीफोटो लैंस दिया गया है, जो 2 गुना ऑप्टिकल ज़ूम और 20 गुना तक अल्ट्रा ज़ूम देता है। इसके अलावा 8एमपी वाईड कैमरा शानदार फील्ड व्यू के लिए परफेक्ट है, जो धरती से लेकर आसमान तक हर चीज़ को कैप्चर कर लेता है।

# राज्य शासन की गौठान योजना निर्माण कार्य का निरीक्षण, कार्य की गुणवत्ता, निर्माण की गति और तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की




पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत संचालित गौठान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, निर्माण की गति और तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। यह निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन, जैविक खाद उत्पादन और आजीविका संवर्द्धन के उद्देश्य से किया जा रहा है, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल है। गौठान योजना राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा इसके माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में गौठान निर्माण जैसे जनहितकारी कार्यो को गति मिल रही है। इस अवसर पर सभापति मनीष मिश्रा, संतीश तलरेजा, पार्षद संतीश साहू, नंदू वैष्णव तथा सब इंजीनियर कमलेश साहू भी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्य न केवल गुणवत्ता पूर्ण हो, बल्कि निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होकर आमजन के हित में उपयोगी सिद्ध हो।

**अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के रचनात्मक विकास और टीम भावना को बढ़ाने के लिए किया गया आयोजन**

# अदाणी फाउंडेशन के समर कैंप में 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने लिया भाग











पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सात दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत ग्राम ताराशिव में आयोजित इस समर कैंप में आसपास के 12 गांवों के 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों को पेंटिंग, रीडिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना, नृत्य, शारीरिक खेल, क्राफ्ट, पपेट बनाना, ओरिगामी, योग, एक्शन वर्ड गेम्स, मेंहदी, अंताक्षरी और अन्य कई शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार से रचनात्मक, मानसिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाने में मदद मिली। साथ ही टीम वर्क और समूह गतिविधियों के जरिए उनमें सहयोग और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित की गई। टिफिन शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। कैंप के समापन में उपस्थित ग्राम सरपंच पूर्णिमा मनीष वर्मा ने बच्चों को बधाईयां दीं और अदाणी फाउंडेशन टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए सराहा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन अदाणी फाउंडेशन के द्वारा किया जाता है, जिसमें प्लांट के समीपस्थ ग्रामों में विभिन्न कार्य, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, पर्यावरण सुधार, समुदाय विकास, ग्रामीण खेल विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने शीतल जल प्याऊ घर का किया उदघाटन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com





शासकीय नगर पालिका कन्या उच्च.माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के द्वारा शीतल जल प्याऊ घर का उदघाटन किया गया। नगर पालिका कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र जोशी के मार्गदर्शन में स्काउट/गाइड दल के सहयोग से प्याऊ घर संचालित किया जा रहा है। इसका संचालन रानी दुर्गावती गाइड दल एवं प्रभारी शिक्षिका सुशीला साहू के सहयोग से आमलोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु यह प्याऊ घर निश्चित ही बस स्टैंड यात्री, रेलवे स्टेशन यात्री गण एवं राहगीरों लाभप्रद सिद्ध होगी क्योंकि वर्तमान में प्याऊ घर विलुप्ति के परिस्थिति में है जिसके कारण राहगीर भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकते है। उस परिस्थिति में यह प्याऊ घर प्यास बुझाने के लिए कारगर सिद्ध होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं श्रीफल तोड़कर शीतल जल मटके में डालकर प्याऊ घर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर वार्ड के पार्षद नंदू वैष्णव, पूर्व पार्षद आशीष पुरोहित, नीरा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं समस्त सदस्यगण, स्काउट प्रभारी श्रवण सिंगरौल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, बीआरसी सी. दुर्गेश शर्मा, मुकेश देवांगन, समन्वयक सुशीला वर्मा, प्रधान पाठिका, नंदकिशोर शर्मा, आनंद शर्मा, संतोष अग्रवाल एवं शाला परिवार से एम.पंसारी, हरनारायण यादव, सुनीता देवांगन, वर्षा वर्मा सुमित वर्मा, योगेश्वर यादव दलेश्वरी ठाकुर एवं शाला की सभी छात्राएं शामिल रहे। उक्त प्याऊ घर शासन के निर्देशानुसार हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला आयुक्त एवं सुरज कसार जिला स्काउट समन्वयक की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के टीकाराम साहू व्याख्याता के द्वारा आभार प्रकट किया।

# अक्षय तृतिया पर विशेष: आधुनिकता की चकाचैंध में हमारी परंपरागत कला और संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त हो रही

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आज के समय में विज्ञान और तकनीक के विकास ने हमारे जीवन को बहुत सुविधाजनक बना दिया है। परंतु इसी आधुनिकता की चकाचैंध में हमारी परंपरागत कला और संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। मिट्टी के बर्तनों का व्यापार भी इसी का एक उदाहरण है, जो आज संकट के दौर से गुजर रहा है। एक समय था जब हर घर में मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी, मिट्टी की हांडी में बना भोजन और कुल्हड़ में चाय की महक आम बात थी। मिट्टी के बर्तनों को शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता था। इन बर्तनों का उपयोग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी था, बल्कि यह कुम्हारों के जीवनयापन का भी मुख्य साधन था। लेकिन आज प्लास्टिक और स्टील के बर्तनों की बहुलता ने मिट्टी के बर्तनों के स्थान को बहुत सीमित कर दिया है। शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने पारंपरिक चीजों को हाशिए पर धकेल दिया है। इस दिन मिट्‌टी से घडो के दान का विशेष महत्व है।

**अक्षय तृतिया का महत्व** - शास्त्रों में अक्षय तृतीया को स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना गया है। अक्षय तृतीया के दिन मांगलिक कार्य जैसे- विवाह, गृहप्रवेश, व्यापार अथवा उद्योग का आरंभ करना अति शुभ फ्लदायक होता है। सही मायने में अक्षय तृतीया अपने नाम के अनुरूप शुभ फल प्रदान करती है। अक्षय तृतीया पर सूर्य व चंद्रमा अपनी उच्च राशि में रहते हैं। दिन जो भी काम किया जाता है उसमें बरकत होती है। विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्म हुआ था।. .दीन दुखियों की सेवा करना, वस्त्रादि का दान करना ओर शुभ कर्म की ओर अग्रसर रहते हुए मन वचन व अपने कर्म से अपने मनुष्य धर्म का पालन करना ही अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर सामर्थ्य अनुसार जल, अनाज,गन्ना, दही, सत्तू, फल, सुराही,हाथ से बने पंखे वस्त्रादि का दान करना विशेष फल प्रदान करने वाला माना गया है।

**गुड्डे गुडियों के विवाह की प्रथा** - अक्षय तृतिया पर गुड्डे गुडियों के विवाह की प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। जिसको लेकर बच्चो में अच्छा खासा उत्साह रहता है। विवाह की तैयारियां बच्चे कुछ दिनों पूर्व ही प्रारंभ कर देते है। बकायदा मंडप, गाजा बाजा के साथ बारात निकाली जाती है। जिसमें बच्चे उमंग से भाग लेते है। नगर में हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रीराम प्रभात फेरी एवं श्री हनुमान चालिसा परिवार द्वारा गुड्डे गुडियों के विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो खर्रीपारा में किया जायेगा ।

# आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की पहली बैठक में जनता को मिली राहत

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर विकास प्राधिकरण में इस माह अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद नंदकुमार साहू ने पहली बैठक संचालक मंडल की बैठक में जनहित में दो फैसले लिए। पहले फैसले में प्राधिकरण व्दारा सरचार्ज राशि में 31 मार्च 2025 तक दी गई सरचार्ज में छूट की अवधि को बढ़ाकर 30 जून 2025 कर दिया है। वहीं दूसरे लोकहित के निर्णय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर,सरोना, रायपुरा और बोरियखुर्द योजना में पूर्व में निरस्त किए गए फ्लैट्स को आवंटितियों की मांग पर बकाया राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित राशि का भुगतान किए जाने पर फ्लैट्स का आवंटन पुर्नबहाल कर दिया जाएगा। आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय में हुई पहली संचालक मंडल की बैठक में नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा व्दारा प्रस्तुत जनहित में दोनों प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया। कुछ समय पूर्व आवंटित फ्लैट्स के मामले में यह निर्णय लिया गया कि पंजीयन कराकर राशि किस्त जमा नहीं करने वाले लोगों के आवंटित फ्लैट्स को रद्द कर उसे विज्ञापन के माध्यम से विक्रय किया जाए। इसमें कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना में 118 फ्लैट्स और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा में 102 फ्लैट्स का पुनःआवंटन किया जाएगा।

**आवंटितियों को सरचार्ज राशि में 2.62 करोड़ रुपए का लाभ मिला-** सरचार्ज की छूट में प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं के आवासीय और व्यवसायिक संपत्तियों के अतिरिक्त कौश्ल्यामाता विहार योजना, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा तथा बोरियाखुर्द योजना के प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित फ्लैट्स व ईड्ब्लूएस रोहाऊस मकानों के लिए सरचार्ज राशि में पूर्व में दी गई छूट की अवधि अब 30 जून 2025 तक बढ़ा दी गई है। इसमें आवासीय में 50 प्रतिशत और व्यवासिक में 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

# वार्डों के शौचालयों जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत संत माता कर्मा वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, रामसागर वार्ड, मुंशी इस्माइल वार्ड एवं रविदास वार्ड के शौचालयों के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना कर विधिवत कार्य की शुरुआत की गई। नगर की स्वच्छता और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की दृष्टि से यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल माना जा रहा है। शौचालयों के जीर्णोद्धार से वार्डवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा, साथ ही यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करेगी। नगर पालिका परिषद द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, पार्षद नंदू वैष्णव, संतीश साहू, चंद्रप्रकाश ध्रुव (मोंटू), कीर्तन जायसवाल, शिव वर्मा, चरण धिवर, तरुण यादव, बिक्कु यादव, धनेश तिवारी, कैलाश ध्रुव एवं सुशील वर्मा उपस्थित रहे।

# वनांचल क्षेत्रों में आवास निर्माण कार्यो में तेजी लाने कलेक्टर का निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान के अंतर्गत संचालित जनमन योजना सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने वनांचल क्षेत्र में बैगा जनजाति के लिए बन रहे आवासों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने और सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व पखवाड़ा, सुशासन तिहार, एग्रीस्टेक परियोजना, जनप्रतिनिधियों की निधियों से स्वीकृत कार्य, सिंचाई और सड़क निर्माण सहित अधोसंरचना कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कर समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बिना परीक्षण कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाए। राजस्व प्रकरणों को तीन चरणों में निपटाने और लंबित सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे मामलों में अनावश्यक विलंब से बचने को कहा गया। विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही समयबद्ध पूर्णता की बात कही गई। मिनी स्टेडियम, मंच, सीसी रोड, नाली और महतारी सदन जैसी घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। किसानों के लिए फार्मर आईडी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर मोनिका कौड़ो, नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विप्र कॉलेज में विद्यार्थियों ने अभियान चला पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में चिड़ियों के लिए माटी का सकोरा में पानी और दाने की व्यवस्था के लिए अभियान चलाया। कॉलेज परिसर के चारों ओर सैकड़ो पेड़ों में हर पेड़ में चिड़िया के लिए दाना- पानी की व्यवस्था विद्यार्थियों ने अलग-अलग ग्ररुप बनाकर किया है। यह ग्रुप प्रतिदिन अपने क्षेत्रों के पेड़ों पर चिड़ियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था वर्षा ऋतु आने तक करते रहेंगे। नियमित रूप से इसका निरीक्षण वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ .आराधना शुक्ला, डॉ. निधि शुक्ला, डॉ. सीमा अग्रवाल एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों का एक ग्रुप करता रहेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन के साथ प्रकृति से जोड़ना इस प्रकार के कार्यों का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों के प्रयास से आज महाविद्यालय परिसर हरा भरा है और सैकड़ो पेड़ गर्मी में राहत देती है। इन्हीं पेड़ों पर चहकती चिड़ियों की मधुर गुंजन ने उनके प्रति जिम्मेदारी का एहसास विद्यार्थियों को कराया। विद्यार्थियों का यह पहल निश्चित ही उन्हें संवेदनशील और प्रकृति को सहजने के लिए जिम्मेदार बनाएगा।

# सुशासन तिहारः ग्राम पंचायत पौनी में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com




सुशासन तिहार के अंतर्गत मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पौनी में श्रम विभाग द्वारा सरपंच की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 55 नए हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिला श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 80 से 90 श्रमिकों की उपस्थिति रहे। पूर्व पंजीकृत श्रमिकों को श्रमेव जयते एप तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस पहल से श्रमिकों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी और उत्साह का वातावरण बना। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत आमजनों की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# जनदर्शन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें वार्ड क्रमांक 07 लोरमी के पूनाराम डड़सेना ने आवासीय पट्टा दिलाने, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम रोहराखुर्द के पुसऊ दिवाकर ने पीएम आवास और व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बुचीपारा की धनमत बाई ने भूमिहीन मजदूर योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बैहाकापा के राजेश नवरंग ने वार्ड 10 में सीसी रोड निर्माण कराने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम पुछेली के रामखिलावन ने अपने पुस्तैनी जमीन का रिकार्ड दुरूस्त कराने, ग्राम रौनाकापा के भुवन साहू ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम मोतिमपुर के राजकुमार ने अपने स्वर्गीय पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, तीनों अनुविभागों के एसडीएम और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। मां कर्मा स्व सहायता समूह भठलीकला की महिलाओं द्वारा गत जनदर्शन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु भवन की चाबी नहीं मिलने की शिकायत की गई थी।

इस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। भवन की चाबी मिलने के बाद समूह की महिलाएं आज पुनः जनदर्शन में पहुंचकर प्रशासन द्वारा किए गए त्वरित पहल की सराहना की और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जवां और चमकदार त्वचा के लिये खाईये 5 एंटी-एजिंग सुपरफूड्स

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कौन चाहता है कि वह उम्र से पहले बूढ़ा दिखे? जवाब साफ है कोई भी नहीं। लेकिन बदलते माहौल में न सिर्फ हमारी शारीरिक सेहत प्रभावित हो रही है, बल्कि हमारी त्वचा भी कई तरह के नुकसान झेल रही है, जिसका हमें अंदाज़ा भी नहीं होता। प्रदूषण, अत्यधिक धूप, नमी और हानिकारक यूवी किरणें हमारी त्वचा पर झुर्रियां, महीन रेखाएं और ढीलापन जैसी समस्याएं ला सकती हैं। इस विषय पर गहराई से जानने के लिए हमने त्वचा विशेषज्ञ और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल से बात की, डॉ. गीतिका मित्तल का मानना है कि हमारी त्वचा का स्वास्थ्य पूरी तरह से हमारे खानपान पर निर्भर करता है। त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं रोकने के लिए वे रोज़मर्रा के भोजन में बादाम, दही और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह देती हैं। आइए जानते हैं वे कौन से फूड्स हैं जिन्हें अपनाकर आप भी अपनी त्वचा को लंबे समय तक जवां और खूबसूरत बनाए रख सकते हैं। ये हैं एक्सपर्ट द्वारा सुझाए गये पांच सुपरफूड्स में बादाम को रोज़ाना के आहार में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन ई त्वचा के टोन और टेक्सचर को बनाए रखने में बेहद मददगार होते हैं। विटामिन ई न केवल त्वचा को पोषण देता है बल्कि उम्र के असर को भी धीमा करता है। नियमित रूप से भुने हुए बादाम स्नैक के रूप में खाने से त्वचा में झुर्रियों की संभावना कम होती है और यह सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव करता है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार में बादाम को शामिल करना त्वचा को स्वस्थ और दमकता बनाए रखने का एक आसान और प्रभावी तरीका है। सैल्मन मछली भी त्वचा की सेहत के लिए बेहतरीन मानी जाती है। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर होती है, जो त्वचा को नमी प्रदान करने, उसे मुलायम बनाए रखने और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। ओमेगा-3 त्वचा को यूवी किरणों से भी बचाते हैं और कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देकर त्वचा को कसाव और लोच प्रदान करते हैं, जिससे झुर्रियां और महीन रेखाएं कम होती हैं। शकरकंद में विटामिन ई और सी जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं और समय से पहले उम्र के असर को रोकने में मदद करते हैं।

# स्थापना दिवस में बुजुर्गों की प्रस्तुति ने मन मोहा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com






साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा का स्थापना दिवस समारोह वृंदावन सभागार में आयोजित किया गया। स्व शांति यदु का रोपा पौधा यदु परिवार के संरक्षण और संस्था के समस्त सदस्यों के सहयोग से विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है, संस्था को फलता फूलता देख निश्चित ही वो अत्यंत प्रसन्न होंगी। सचिव नीता श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम माँ वीणापाणि के समक्ष अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, कल्पना यदु, मंजु यदु, अंजु यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। माँ शारदे की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की वर्षा रावल ने। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम ऋचा के पुरूष सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई। और प्रस्तुतियों ने गजब का समां बांधा। प्रथम प्रस्तुति में डॉ चितरंजन कर ने बेहतरीन भजन, गीत, और गज़ल सुनाई जिसके लेखक संगीतकार और प्रस्तुतकर्ता वे स्वयं थे, तबले पर संगत दिया रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने। 87 वर्षीय सुरेंद्र रावल जो उम्दा व्यंगकार भी हैं, ज्ञानदीप शीर्षक नाटक का एकल मंचन कर सभी को हैरत में डाल दिया। इस नाटक के लेखक निर्देशक और प्रस्तुतकर्ता भी सुरेंद्र रावल ही थे। गिरगिट नामक प्रहसन के मंचन ने तो अभिनय करने वाले समस्त साहित्यकारों के अभिनय की दक्षता पर मुहर लगा दी। मुख्य भूमिका में थे दिनेश गौतम जिनकी उम्दा अदाकारी ने तो जैसे गिरगिट को जीवंत ही कर दिया। पैरोडी गीत की प्रस्तुति ने जिसमें शादी ना करना यारों का जिक्र था दर्शकों को लोट-पोट होने पर मजबूर कर दिया इसके लेखक व संगीतकार ब्रिगेडियर प्रदीप यदु थे, और प्रस्तुत किया अपने साथी कलाकारों के साथ। शीर्षक लस्सी नामक नाटक ने श्रोतागणों की खूब तालियाँ बटोरी इसके मुख्य पात्र थे दिलीप वरवंडकर और इसकी स्क्रिप्ट राइटिंग और निर्देशन था के पी सक्सेना दूसरे का। कव्वाली की प्रस्तुति ने तो ऐसा रंग जमाया कि दर्शक झूम उठे। शांति यदु ने ऋचा की नींव रखकर उसके मजबूत स्तंभों की जो कल्पना की थी उन्ही कल्पनाओं को अल्फाजों में पिरोया के पी सक्सेना ने और ऋचा के समस्त पुरूष सदस्यों ने मिलकर लाजवाब प्रस्तुति दी और खूब वाह वाही बटोरी। अभिनीत कलाकार थे डॉ सुरेश तिवारी, दिनेश गौतम, डॉ चितरंजन कर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, आलिम नकवी, दिलीप वरवंडकर, के पी सक्सेना दूसरे। ऋचा संस्था मासिक गोष्ठी, संगीत का कार्यक्रम तथा हर वर्ष विभिन्न स्थानों पर भ्रमण का आयोजन भी करती है और ये सफरनामा 44 वर्षों से निर्बाध चल रहा है, उन्ही खूबसूरत यादों को समेटकर विडियों में दिखाया और सबने कैद कर लिया अपने जहन में। यदु परिवार अपनी माताजी स्व शांति यदु जो स्वयं प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा द्वारा क्सलेंसी अवार्ड से सम्मानित थी। उनके नाम से हर वर्ष दो वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मान प्रदान करता है। ऋचा की संरक्षिका कल्पना यदु के हाथों इस वर्ष यह सम्मान गौहर जमाली को दिया गया। जो उम्दा शायर और लेखक के साथ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा हसन अली अवार्ड से सम्मानित हो चुके है। कल्पना यदु ने दूसरा सम्मान कवयित्रि, लेखिका लतिका भावे को प्रदान किया, साहित्यकार सुरेंद्र रावल को उनके जज्बा-ए-जुनून के लिये सम्मानित किया गया, कवयित्रि चंद्रकांता अग्रवाल को इंदुमति रावल सम्मान जो वर्षा रावल की माता थीं रावल परिवार ने प्रदान किया। नीलिमा मिश्रा ने अपनी बुआ शालिनी बोरगाँवकर की स्मृति में लेखिका मीना शर्मा को सम्मान प्रदान किया। संगीत के कार्यक्रम में खूबसूरत गीतों से महफिल सजाई गायक धर्मेंद्र रावल और सीमा वर्मा ने दर्शकों ने भी खूब आनंद उठाया, इस शानदार प्रोगाम का संचालन कर मंच को प्रवाह दिया मीना शर्मा ने। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में अध्यक्षा डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव ने अपने स्नेहिल शब्दों से सबको आभार प्रेषित कर बधाई दी और कार्यक्रम समापन की घोषणा की।



# धर्मो रक्षति रक्षितः
# पराक्रम के कारक व सत्य के धारक



## अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएँ...






कर्मभूमि पर चलो निरंतर,
थमना यहाँ निषेध है।
जीवन की हर राह कठिन है,
संघर्षों का ही गेह है।।
आशा मत बाँधों फल की,
केवल कर्म तुम्हारा सत्य।
परिश्रम से ही खिलते हैं,
सफलता के मधुर रथ।।












सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403